जबलपुर
शनिवार 2 मई 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष -1
वर्ष : 21, अंक : 2
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 33
न्यून. 20

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 तेल कंपनियों का लाभ, उपभोक्ता पर बोझ



मैट्रो
14 प्रधानमंत्री व उपराष्ट्रपति का काफिला...

## बरगी क्रूज हादसा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पहुंचे पीड़ितों के बीच, बंधाया ढाढस, दिए जांच के आदेश, हादसे की वजह अचानक आया 'चक्रवात'

# 14 जिंदगियों में 'तूफान'

## अब तक 9 शव निकाले गए, 5 लोग अभी भी लापता

पूरे प्रदेश में क्रूज संचालन बैन, पर्यटकों की जान बचाने वालों को 15 अगस्त को सीएम करेंगे सम्मानित



परिजनों को ढाढस बंधाते सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र की संस्कारधानी जबलपुर में हुए क्रूज हादसे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बरगी पहुंचे। उन्होंने क्रूज हादसे के पीड़ितों से मिलकर उनको ढांढस बधाया है। उन्होंने कहा कि बरगी बांध में हुआ हादसा अचानक आए चक्रवात की वजह से हुआ है। उसकी विस्तृत जानकारी जांच रिपोर्ट के बाद ही मिल सकेगी। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए एसओपी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हादसे में मन को बेहद दुख पहुंचा। दुर्घटना में रेस्क्यू टीम के जिन सदस्यों ने लोगों को पानी से बाहर निकाला, उनका 15 अगस्त को सम्मान किया जाएगा।

▶▶ **सीएम ने कहा**
संकट की इस घड़ी में सरकार परिवारों के साथ किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे घटना के दोषी

▶▶ **एडवेंचर स्पोर्ट्स** के लिए बनेगी स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रॉसिजर (एसओपी)



किनारे लाया गया 'किलर क्रूज'

» रेस्क्यू ऑपरेशन जारी, अभी तक 29 लोगों की बची जान

» राहत-बचाव दल ने क्रूज को काटकर बचाईं जिंदगियां



जानकारी लेते सीएम

### परिजनों से मिलकर भावुक हुए मुख्यमंत्री

घटना में मृतक लोगों के परिजनों का रो राकर बुरा हाल था। उनके बेटे-बेटियों के आंसू नहीं रूक रहे थे। उन सभी से मिलने मुख्यमंत्री डॉ. यादव जब वहां पहुंचे तो वे भी भावुक हो गए। माहौल काफी गमगीन हो गया था। मुख्यमंत्री ने बच्चों को गले लगाया, बेटी के सिर पर हाथ रखकर सांत्वना दी।

### ये लिया गया एक्शन

होटल मैकाल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है, जबकि रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच संस्थित की गई है। क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड एवं टिकट काउंटर प्रभारी (एफओए) बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गईं।

दहला देने वाली कहानियां

## जिंदगी की जंग हारी मां लेकिन ममता जीत गई

1

बरगी डैम हादसे के बाद मां और बेटे का दिल दहला देने वाला दृश्य सामने आया, जहां मौत के बाद भी मां अपने मासूम बेटे को सीने से लगाए रही। बेटा भी मां के सीने पर सिर रखकर हमेशा के लिए सो गया। इस तस्वीर को देखने वाली हर आंख नम हो गई। सेना की तरफ से आए बचावकर्मी ने कहा कि क्रूज पलटकर डूब चुका था। अंदर जाने के बाद जहां से थोड़ी बहुत जगह मिली, वहां से अंदर जाकर शव ढूंढने की कोशिश की। दृश्यता भी काफी कम थी। आधे फीट की दूरी तक भी कुछ नहीं दिख रहा था। अंदर हमने जो मंजर देखा, उसे देखकर हैरान हो गए।

बरगी में मां की पकड़ बच्चे से नहीं छूटी



जान छोड़ दी...बेटा नहीं छोड़ा

### क्रूज डूबने से पहले दी गई थी लाइफ जैकेट

2



हादसे से पहले क्रूज में पर्यटक

जूलियस नामक यात्री ने बताया कि हम छह लोग सवार थे। वह अपनी पत्नी, बेटी, दामाद व नातिन व नाती के साथ क्रूज में सवार हुए थे। क्रूज यात्रा के दौरान सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा गया था। जब क्रूज डूबने लगा।







### खबर संक्षेप

#### रैंकिंग में भारतीय टीम ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** खेल की वैश्विक संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शुक्रवार को वार्षिक टेस्ट टीम की रैंकिंग जारी की, जिसमें बड़ा फेरबदल देखने को मिला। भारतीय टेस्ट टीम एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। शुभमन गिल की अगुवाई वाली टीम ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। वहीं, शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया का दबदबा है। रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए मैचों को महत्व दिया।



#### कूनो से भटककर राजगढ़ पहुंचा चीता

**राजगढ़।** देश में चीतों की संख्या बढ़ाने साल 2022 में साउथ अफ्रीका से कुछ नमीबियाई चीतों को श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में छोड़ा गया था। बीते पांच सालों में इन चीतों की संख्या बढ़कर 55 से अधिक हो चुकी है। इन्हीं 55 चीतों में से केपी-3 नाम का एक चीता मार्च माह में कूना से भटकर राजस्थान पहुंच गया था। यही केपी-3 नर चीता राजस्थान होते हुए राजगढ़ पहुंच गया। शुक्रवार सुबह कालीपीठ क्षेत्र में इस चीते की मूवमेंट देखकर ग्रामीणों में दहशत मच गई। हालांकि, कूना से निकले इस चीते के साथ पार्क की एक विशेष टीम चीते के शरीर पर लगी लोकेशन टेकिंग डिवाइस के जरिए प्रत्येक मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है।



**बदला मौसम :** अगले दो दिनों में दो से तीन डिग्री बढ़ेगा दिन का पारा

## जबलपुर-दमोह में बारिश, खरगोन व खंडवा में पारा 43 डिग्री के 'पार'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में शुक्रवार को प्रदेश में बारिश और गर्मी का दौर रहा, हालांकि कहीं भी लू के हालात नहीं बन सके। जबलपुर, सीधी और दमोह में 74 किलो मीटर की रफ्तार से हवाएं चलीं, इस दौरान हल्की बारिश भी दर्ज की गई। वहीं, खरगोन में पारा सबसे ज्यादा 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। खंडवा में 43.5 डिग्री और भोपाल में पारा 40.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इससे पहले गुरुवार को तीन दर्जन जिलों में तेज आंधी और बारिश का दौर रहा। इनमें से 14 जिलों में ओले भी गिरे। शुक्रवार को सबसे ज्यादा बारिश टीकमगढ़ में 32 मिमी मीटर दर्ज की गई, जबकि भोपाल, रायसेन, नर्मदापुरम, राजगढ़, विदिशा, ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, दतिया, अशोकनगर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, निवाड़ी में भी बारिश हुई। जबकि भिंड, मुरैना, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, ग्वालियर, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, टीकमगढ़, उमरिया, बालाघाट और सिंगरौली जिलों में कहीं-कहीं ओले गिरे।

▶▶ जबलपुर और सीधी में 74 किमी की रफ्तार से चली हवाएं

▶▶ शुक्रवार को सबसे ज्यादा बारिश टीकमगढ़ में 32 मिमी मीटर दर्ज



#### » जबलपुर और सीधी में हवा की रफ्तार सबसे ज्यादा

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा का कहना है कि पिछले 24 घंटे के दौरान जबलपुर और सीधी में हवा की रफ्तार सबसे ज्यादा 74 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रही। जबकि भोपाल में 70, ग्वालियर में 60, शहडोल में 57, सतना में 56, चित्रकूट में 52, सागर में 46, रीवा, अशोक नगर-विदिशा में 43, शिवपुरी में 41, राजगढ़ में 39, मऊगंज में 37, गुना में 33, पचमढ़ी में 31, मुरैना में 26 प्रतिघंटा रफ्तार दर्ज की गई।

#### बारिश से हुई मई की शुरुआत

झुलसाने वाली गर्मी और नौतपों से भरा मई का महीना भीषण गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन माह के शुरुआत में ही आंधी-बारिश का दौर शुरु हो गया है। मौसम विभाग ने आने वाले तीन दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहने की आशंका जताई है।

मुंबई में 'ड्रग सिंडिकेट' पर बड़ी कार्रवाई

## 1745 करोड़ की कोकीन जब्त, गृह मंत्री अमित शाह ने थपथपाई एनसीबी की पीठ

एजेंसी ▶▶ मुंबई



■ 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को बधाई देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि हम नशीले पदार्थों के कार्टेल को पूरी तरह से कुचलने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। गृह मंत्री ने लिखा कि एनसीबी ने नशीले पदार्थों के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गिरोह पर शिकंजा कसते हुए मुंबई में 1745 करोड़ रुपए मूल्य की 349 किलोग्राम उच्च-गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है।




ड्रग फैक्ट्री पर छापा

#### शाह के विजन पर अमल

एनसीबी की ओर से सोशल मीडिया पर लिखा गया था कि एनसीबी के डीजी ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे गृह मंत्री शाह के विजन के अनुरूप, नेटवर्क-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाकर रोडमैप के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए मासिक लक्ष्य हासिल करें।

पहले 2100.50 रु. में मिलता था अब करीब 3074.50 रु. का मिलेगा

### कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 993 रुपए तक बढ़ी



भोपाल में 974 रुपए 50 पैसे की वृद्धि के साथ अब 3075 रुपए 50 पैसे में मिलेगा हलवाइयों को सिलेंडर

**भोपाल।** कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने आम लोगों से लेकर छोटे कारोबारियों तक की चिंता बढ़ा दी है। तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में रिकॉर्ड 993 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है।

पीड़िता रोती-गिड़गिड़ाती रही, दरिंदे उसे पीटते रहे

### जंगल में दोस्त को 'बंधक' बनाया, नाबालिग से गैंगरेप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

पन्ना में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद उनका शहर में जुलूस निकाला। पुलिस के मुताबिक घटना 29 अप्रैल 2026 की है। नाबालिग अपने परिचित युवक से मिलने देवेंद्रनगर पहुंची थी। युवक अपने एक साथी के साथ बाइक से आया था। इसी दौरान सुनसान स्थान पर रुके तीनों के पास दो बाइकों पर सवार कुछ लोग पहुंचे और विवाद करने लगे। आरोप है कि बदमाशों ने युवक से नकदी, मोबाइल और चांदी की चेन छीन ली। इसके बाद तीनों को जबरन अपने कब्जे में लेकर थाने ले जाने का दबाव बनाया और डराकर जंगल की ओर ले गए। जंगल में युवक और उसके साथी को अलग कर उनके साथ मारपीट की गई और उन्हें बंधक बनाकर बैठा दिया गया। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने नाबालिग को जबरन झाड़ियों की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की गई और धमकियां दी गईं। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।



■ 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया

#### सभी आरोपी बड़ागांव निवासी

देवेंद्रनगर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें बनाईं और चार आरोपियों को बड़ागांव क्षेत्र से गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी संतोष यादव ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के बाद घटना स्थल की तस्दीक कराई गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों के नाम श्रीपाल (22), राहुल (27), शनि पाल (23) और हेतराम उर्फ हित्तू पटेल (50) है। ये सभी बड़ागांव के निवासी हैं।

विधायक ने वीडियो जारी कर कहा

### रीना को मैं पवन खेड़ा जैसा बनाकर छोड़ूंगा

**रतलाम।** महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के आरोपों के बाद आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय का जवाब सामने आया है। उन्होंने वीडियो जारी कर सभी आरोपों को झूठा बताया और कहा कि वे इस मामले में कोर्ट में आपराधिक और मानहानि का केस करेंगे। विधायक ने यहां तक कहा कि मै उन्हें (रीना बौरासी) को पवन खेड़ा बनाकर छोड़ूंगा।

बता दें कि गुरुवार को भोपाल में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी ने आलोट विधायक मालवीय के खिलाफ राज्यपाल को शिकायत की थी। विधायक के खिलाफ यौन शोषण, संपत्ति हड़पने के गंभीर आरोप लगाए थे। हालांकि बाद में विधायक ने सभी आरोपों को निराधार बताया था। रीना बोरासी ने मेरे ऊपर जो आरोप लगाए है वह नितांत असत्य, तथ्यविहिन व प्रमाणविहिन हैं। मेरे ऊपर कोई आरोप, कोई जांच, कोई, कोई प्रकरण लंबित नहीं है। ना ही मैने किसी की जमीन हड़पी है।



■ शिकायत से नाराज थे चिंतामणि

### शिलांग कोर्ट ने राजा हत्या के मुख्य आरोपी राज की जमानत याचिका खारिज कर दी



■ सोनम की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाएगी पुलिस

**शिलांग।** मेघालय की राजधानी शिलांग की कोर्ट ने हनीमून मर्डर केस में मुख्य आरोपी राज कुशवाहा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। ये याचिका तकनीकी आधार पर खारिज की गई है। इसमें पिछली जमानत याचिका खारिज होने की जानकारी नहीं दी गई थी। राज कुशवाहा ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोनम को जमानत मिलने के बाद जमानत याचिका दायर की थी। अदालत ने इंदौर के व्यवसायी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी राज कुशवाहा की जमानत याचिका पर बुधवार को फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### बड़ी राहत : केंद्र सरकार ने डीजल और जेट फ्यूल पर घटाई एक्सपोर्ट ड्यूटी, नई दरें लागू



■ आम जनता के लिए राहत की खबर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात को लेकर बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने डीजल और जेट फ्यूल (एटीएफ) पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी में कटौती करने का ऐलान किया है। वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ये संशोधित दरें शुक्रवार से प्रभावी हो गई हैं। नोटिफिकेशन के मुताबिक, अब डीजल के निर्यात पर 23 प्रति लीटर और विमान ईंधन (जेट फ्यूल) पर 33 प्रति लीटर की दर से एक्सपोर्ट ड्यूटी देनी होगी।

अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन में अहमदाबाद जा रहे बच्चों की तस्करी का शक

## उज्जैन-नागदा में रेस्क्यू कर 26 नाबालिगों को छुड़ाया, रात 3 बजे तक चला सर्च अभियान

सूचना थी कि 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

उज्जैन रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात बच्चों की तस्करी की सूचना पर बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रोककर पुलिस, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) और अन्य विभागों की टीम ने 26 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी ।



#### बच्चों को उज्जैन जीआरपी को सौंपा गया

नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं, जिनमें से दो की उम्र 14 साल से भी कम है। सभी बच्चों को फिलहाल उज्जैन जीआरपी को सौंप दिया गया है। परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी, वहीं बच्चों को फिलहाल सीडब्ल्यूसी उज्जैन में रखा जाएगा।

# ममता ने कहा-स्ट्रांग रूम में हो रही वोट चोरी-छेड़छाड़ और हेराफेरी तो भाजपा बोली- टीएमसी तलाश रही हार के अलग-अलग बहाने, अनर्गल आरोप लगा रही

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के कोलकाता में गुरुवार रात ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम खोलने पर तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच तनातनी हो गई। इसके चलते खूब हंगामा हुआ। टीएमसी ने ईवीएम से छेड़छाड़ के आरोप लगाए। हालांकि बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूम में ईवीएम और पोस्टल बैलेट से छेड़छाड़ के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। लेकिन इस पूरे मुद्दे से बंगाल का राजनीतिक पारा चढ़ गया है । इस बीच वहां टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा बढ़ने लगा। हालात देखते हुए वहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई। हालांकि चुनाव आयोग ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि स्ट्रॉन्ग रूम में सिर्फ पोस्टल बैलेट की छंटाई हो रही थी।

भाजपा टीएमसी में ठनी



स्ट्रांग रूम में पहुंची मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी

स्ट्रांग रूम पर बढ़ा विवाद, गिनती के पहले सुप्रीम कोर्ट गईं

## ममता ने लगाए धांधली, वोट चोरी के आरोप

बंगाल में ईवीएम और पोस्टल बैलेट बॉक्स को रखने वाले स्ट्रॉन्ग रूम को लेकर विवाद हो गया। ये इतना बढ़ गया कि कई जगह पर टीएमसी- भाजपा के नेताओं, उनके समर्थकों और प्रशासन-पुलिस के लोगों के बीच बहस देखने को मिली। टीएमसी ने पुलिस-प्रशासन पर 'धांधली' करने के आरोप लगाए। ममता भवानीपुर सीट पर स्ट्रॉन्ग रूम तक पहुंच गईं। गिनती के पहले शीर्ष कोर्ट में अर्जी दायर की है।



### टीएमसी ने चुनाव आयोग से मांगा स्पष्टीकरण

टीएमसी ने सीलबंद स्ट्रॉन्गरूम तक पहुंच को लेकर अनियमितताओं का आरोप लगाया। चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण मांगा।

छावनी में बदला राज्य

## तीन जिलों में भारी हिंसा पुलिस ने शुरू की जांच

बंगाल चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण का मतदान संपन्न होते ही राज्य के विभिन्न हिस्सों से हिंसा की खबरें आने लगी हैं। शुक्रवार को मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना जिलों में हिंसा की कम से कम तीन बड़ी घटनाएं दर्ज की गईं। पुलिस ने इन मामलों में जांच शुरू कर दी है।

### मुर्शिदाबाद में सीपीआईएम एजेंट पर हमला

मुर्शिदाबाद जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के लोचनपुर में गुरुवार रात खूनी संघर्ष हुआ। यहां सीपीआईएम के पोलिंग एजेंट रूहूल अमीन पर जानलेवा हमला किया गया। अमीन एक चाय की दुकान पर बैठे थे तभी तृणमूल कांग्रेस के एक क्षेत्रीय पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय नेताओं के समूह ने उन पर हमला कर दिया।

### ड्रामे से नहीं बदलेंगे वोट

भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने ममता पर हमला बोला है। उन्होंने कहा जब उन्हें चुनाव में माहौल अपने खिलाफ लगता है, तो वे ईवीएम में हेरफेर की आशंकाएं जताने लगती हैं। ड्रामेबाजी से जनादेश नहीं बदल जाएगा।

### 15 मतदान केंद्रों पर आज फिर डाले जाएंगे वोट

चुनाव आयोग ने बंगाल के 15 केंद्रों पर पुनर्मतदान का आदेश दिया है। सभी केंद्रों पर 2 मई को दोबारा मतदान होगा। मतदान सुबह 7बजे से शाम 6 बजे तक होगा। इन 15 केंद्रों में 143-डायमंड हार्बर एसी के 4 और 142-मगराहाट पश्चिम एसी के 11 मतदान केंद्र शामिल हैं। आयोग ने यह फैसला शिकायतों और अनियमितताओं की रिपोर्ट के आधार पर लिया है।

## खबर संक्षेप

### खेड़ा को शर्तों के साथ अग्रिम जमानत मिली


**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। कोर्ट ने



शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को निर्देश दिया कि वे जांच में सहयोग करें और बुलाए जाने पर थाने में पेश होंगे, साथ ही सबूतों को प्रभावित करने या उनके साथ छेड़छाड़ करने से बचेंगे।

### आईएफएफआई की कमान गोवारिकर को


**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने गोवा में आयोजित होने वाले 57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय



फिल्म महोत्सव के लिए प्रख्यात फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर को महोत्सव निदेशक नियुक्त किया है। यह महोत्सव नवंबर में होगा। आशुतोष भारतीय सिनेमा के जाने-माने फिल्म निर्माता हैं।

### कैमरा और सेंसर से ऑटोमेटिक कटेगा टोल

**सूरत।** देश का पहला मल्टीलेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम लॉन्च कर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री



नितिन गडकरी ने एक्स पर लिखा, देश के लिए ये ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि भारत का पहला मल्टी-लेन फ्री फ्लो बैरियर-लेस टोलिंग सिस्टम चोरयासी टोल प्लाजा पर शुरू किया गया है।

### ट्रेन में 6.30 करोड़ की ड्रग्स, महिला गिरफ्तार

**सूरत।** दिल्ली से मुंबई जा रही निजामुद्दीन ट्रेन में ड्रग्स तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है।



सूरत रेलवे स्टेशन पर एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से करीब 6.30 करोड़ की मेथम्फेटामाइन ड्रग्स बरामद हुई है। वह नासिक की बताई जा रही है और शातिर तरीके से ड्रग्स को छिपाकर यात्रा कर रही थी।

शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर दूध वाली डेयरी प्लांट की रखी आधारशिला

# दुग्ध लैब, शीतलन प्रणाली, डेयरी अवसंरचना होगी मजबूत, इस क्षेत्र में 70% की वृद्धि दिखी

एजेंसी ▶▶ लेह/जम्मू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कारगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। शाह ने लद्दाख और कारगिल में डेयरी अवसंरचना को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत और नई योजनाओं की घोषणा की। मंत्री ने साथ ही लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई ऑनलाइन माध्यम से पहल पेश कीं। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ये पहल पेश की गई हैं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि केंद्र शासित प्रदेश में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके। शाह ने शुक्रवार को कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में काफी बदलाव आया है। एक दशक में दूध उत्पादन में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक अहम कदम है।

**25** करोड़ रुपए के खर्च से इस शहर में काम

**2024-25** में 24.8 करोड़ टन हो गया दूध उत्पादन

**485** ग्राम तक पहुंच गई प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता

**350** किलोवाट सौर ऊर्जा आधारित प्रणाली पर चलेगा

## 'आत्मनिर्भर लद्दाख' और 'आत्मनिर्भर भारत' की पहल



### डेयरी क्षेत्र में एक बड़ी वृद्धि देखी गई

शाह ने कहा कि देश का दूध उत्पादन 2014-15 के 14.3 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में करीब 24.8 करोड़ टन हो गया है। उन्होंने बताया कि इस वृद्धि का लगभग आधा हिस्सा पिछले पांच वर्षों में हासिल हुआ है। प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता भी 307 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर लगभग 485 ग्राम तक पहुंच गई है, जो पोषण सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इन पहलों का असर अब दिखने लगा है। एक गांव के 74 किसानों से शुरू होकर अब यह नेटवर्क करीब 1,700 किसानों तक पहुंच गया है। दैनिक दूध संग्रह लगभग 7,000 लीटर तक पहुंच गया है और किसानों को कुल भुगतान 15 करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है।

सदियों से धर्म की जीवंत भूमि रहा लद्दाख

### लेह में बुद्ध पूर्णिमा समारोह का किया उद्घाटन



शाह ने भगवान गौतम बुद्ध के अवशेषों की 75 वर्ष बाद लद्दाख वापसी को ऐतिहासिक पुनर्मिलन बताया। यह क्षेत्र सदियों से 'धर्म की जीवंत भूमि' रहा है, जिसने बौद्ध ज्ञान और करुणा की परंपरा को सहेजा है। लेह में 2569वें बुद्ध पूर्णिमा समारोह के उद्घाटन अवसर पर शांति, करुणा का मार्ग बताया।

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है।

### आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम'

दूध संग्रह के लिए आधुनिक मोबाइल 'मिल्क कलेक्शन' एवं 'कूलिंग सिस्टम' स्थापित किया जाएगा जिससे किसानों से सीधे दूध संग्रह, गुणवत्ता संरक्षण और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

**सौर ऊर्जा से संचालन :** यह सौर ऊर्जा आधारित संयंत्र हजारों किसानों को प्रत्यक्ष लाभ देगा, उनकी आय बढ़ाएगा और स्थानीय कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगा। मोबाइल प्रयोगशालाओं की तैनाती, कोल्ड चेन नेटवर्क का विस्तार भी किया जाएगा।

सिलेंडर के दाम बढ़ने पर कांग्रेस आक्रामक

# देश में फिर हो गई महंगाई भारी अब पेट्रोल व डीजल की बारी

## राहुल बोले- आपकी थाली पर भी पड़ेगा असर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने व्यावसायिक सिलेंडर की कीमतों में उछाल के मुद्दे पर सरकार पर तीखा हमला बोला। एक्स पर साझा पोस्ट में लिखा, 'महंगाई मैन मोदी' का चाबुक फिर चला। कामर्शियल सिलेंडर 993 रुपए महंगा हुआ। मोदी ने पिछले 4 महीने में कमर्शियल सिलिंडर के दाम इस तरह बढ़ाए।कामर्शियल सिलेंडर सिर्फ 4 महीने में 1,518 रुपए महंगा हो गया। अभी साल के 8 महीने बाकी हैं। मोदी की वसूली जारी है। अब 5 किलो वाला छोटू सिलेंडर भी महंगा कर दिया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने पर सरकार को आड़े हाथों लिया। पहला वार गैस पर, अगला वार पेट्रोल-डीजल पर।

### हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा

राहुल ने एक्स पर लिखा, कह दिया था- चुनाव के बाद महंगाई की गर्मी आएगी। आज कामर्शियल गैस सिलेंडर 993 रुपए महंगा। एक ही दिन में सबसे बड़ी बढ़ोतरी। यह चुनावी बिल है। फरवरी से अब तक 1380 रुपए की बढ़ोतरी हुई और सिर्फ 3 महीनों में 81 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। चायवाला, ढाबा, होटल और बेकरी, हलवाई- हर किसी की रसोई पर बोझ बढ़ा और इसका असर आपकी थाली पर भी पड़ेगा। दूसरी ओर मई से एलपीजी की कीमतों में वृद्धि की आशंका थी। होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी होने के चलते दुनियाभर में 20 प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

## राहुल के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज की

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को एक बड़े कानूनी मामले में बड़ी राहत दी है। जस्टिस विक्रम डी चौहान की एकल पीठ ने राहुल गांधी के खिलाफ 'इंडियन स्टेट' से लड़ाई वाले विवादित बयान को लेकर दाखिल याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब इस मामले में न तो मुकदमा दर्ज होगा और न ही कोई कानूनी कार्यवाही चलेगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने किया ऐलान

इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया के प्रस्ताव

## 15 जून से शुरू होंगी इंडिगो की उड़ानें, शुरुआत में 17 फ्लाइट्स





एजेंसी ▶▶ नोएडा

इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने शुक्रवार को आधिकारिक घोषणा करते हुए जानकारी दी है कि यहां से 15 जून 2026 से व्यावसायिक विमान सेवाएं शुरू होंगी। पहली कमर्शियल फ्लाइट इंडिगो द्वारा संचालित की जाएगी। इसके तुरंत बाद अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस भी अपनी सेवाएं शुरू करेंगे।

### करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके

एयरपोर्ट प्रबंधन जून के मध्य तक उड़ान शुरू होने की बात कह रहा है। यीडा व नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कॉमर्शियल सेवाएं शुरू हो सकें। इसके लिए हर संभव प्रयास यापल और नायल के स्तर पर किया जा रहा है।उड़ान शुरू करने के लिए वर्तमान में करीब 70 फ्लाइट के प्रस्ताव पूर्व में मिल चुके हैं। इससे कमोबेश सभी प्रमुख शहरों के लिए उड़ान यहां से शुरू होनी हैं। इंडिगो के अलावा अकासा एयर, एयर इंडिया एक्सप्रेसवे के भी प्रस्ताव इन उड़ान के लिए हैं।


### आरोप मुक्त होने पर ईडी किसी केस को बंद न करेः राजू

**नई दिल्ली।** अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने गुरुवार को कहा कि जब अदालतें



मूल अपराधों में आरोपियों को बरी कर देती हैं या उन्हें आरोप-मुक्त कर देती हैं तो ईडी को ऐसे नतीजों को मामले का अंत नहीं समझना चाहिए, बल्कि उन्हें नए सिरे से जांच फिर से शुरू करनी चाहिए। राजू की ये बातें दिल्ली शराब नीति मामले से जोड़ कर देखी जा रही है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर किया स्नान



**हरिद्वार।** शुक्रवार को उत्तराखंड के हरिद्वार में हर की पौड़ी पर बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी के किनारे भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने स्नान किया। सुबह से ही लोग पहुंचने लगे थे।

सार्वजनिक अशांति भड़काने का स्पष्ट तत्व नहीं मिला

सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

## अनुराग और प्रवेश के भाषण नफरत फैलाने वाले नहीं, अर्जी खारिज की



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा को राहत दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई भी संज्ञेय अपराध नहीं बनता। यह फैसला 29 अप्रैल को जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सुनाया।

### फैसले में यह भी कहा

कोर्ट ने फैसले में कहा कि प्रस्तुत सामग्री और कथित भाषणों की जांच के बाद कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता। भाषण किसी विशेष समुदाय के खिलाफ नहीं थे। इनमें हिंसा या सार्वजनिक अशांति भड़काने का स्पष्ट तत्व नहीं पाया गया। अदालत ने यह भी कहा कि हाईकोर्ट का अंतिम निष्कर्ष सही था, लेकिन उसकी तर्क प्रक्रिया (सैंक्शन के आधार पर) पूरी तरह उचित नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि एफआईआर दर्ज करने के लिए पहले से सरकारी अनुमति (सैंक्शन) जरूरी नहीं है। ऐसी अनुमति की आवश्यकता केवल उस चरण में होती है, जब अदालत मामले का संज्ञान लेती है। यदि जांच शुरू करने से पहले ही सैंक्शन को अनिवार्य कर दिया जाए, तो इससे जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

पंजाब में मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र

# मान सरकार ने सदन में विश्वास मत हासिल किया

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

मजदूर दिवस पर पंजाब सरकार ने मजदूरों को समर्पित विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया। सीएम भगवंत मान ने पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी का ऐलान किया। इसमें सरकारी और गैर सरकारी दोनों शामिल हैं। मान ने कहा कि यह मजदूर दिवस पर उनके लिए तोहफा है। 2013 से दो सरकारें चली गई हैं, लेकिन मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं हुई थी। आप सरकार ने पंजाब विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पेश किया और विश्वास मत हासिल किया। पक्ष में 94 में से 88 ने मत दिया। राष्ट्रपति के पास लेकर जाएंगे। विधायक भी जाएंगे। देश में ऐसा कानून होना चाहिए कि इस तरह पार्टी न छोड़ जाए। मान ने कहा कि हम पार्टी के के साथ चट्टान के साथ खड़े हैं। किसी भी तरह लालच नहीं है आप नेताओं में। मान ने विश्वास प्रस्ताव ने कहा कि भाजपा में 240 में से 125 कांग्रेस के गए हुए हैं।

## न्यूनतम मजदूरी में किया 15 फीसदी का इजाफा



### मान पर लगे शराब पीकर आने के आरोप

मान पर शिरोमणि अकाली दल ने सदन में अंदर शराब पीकर आने का आरोप लगाया है। मान के कृत्य को शर्मनाक बताया। इसे संविधान और विधानसभा की मर्यादा का अपमान बताते हुए मुख्यमंत्री की आलोचना की है। यह अत्यंत शर्मनाक बात है।

सीएम करेंगे शुकराना यात्रा

बेअदबी के खिलाफ बिल लागू होने के बाद मान की तरफ से शुकराना यात्रा शुरू की जाएगी। छह से लेकर 9 मई तक यह यात्रा चलेगी। सीएम पहले श्री आनंदपुर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और फिर दमदमा साहिब और फतेहगढ़ साहिब में नतमस्तक होंगे।

### डोप टेस्ट की मांग बाजवा का वॉकआउट

अकाली दल ने लिखा, दल मांग करता है कि मुख्यमंत्री का आज पूरे पंजाब के सामने डोप टेस्ट कराया



जाए। कांग्रेस ने भी मान पर शराब पीकर विधानसभा आने के आरोप लगाए और सदन से वॉकआउट किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने आरोप का समर्थन किया और शराब जांच कराने की मांग की। इसके साथ ही सदन से वॉकआउट किया।

विमानों का किराया बढ़ने की संभावना

# अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के जेट ईंधन 5% महंगे हुए, लगातार दूसरे महीने बढ़े दाम

सरकार द्वारा ईंधन के निर्यात पर टैक्स बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के भीतर पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी न हो। अक्सर वैश्विक बाजार में कीमतें अधिक होने पर कंपनियां घरेलू बाजार के बजाय विदेशों में तेल बेचना अधिक फायदेमंद समझती हैं

## एटीएफ पर एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़कर 42 रुपए/ली. | घरेलू उड़ानों पर एटीएफ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वैश्विक स्तर पर तेल की बदलती कीमतों को देखते हुए एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एरोप्लेन टरबाइन फ्यूल-एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले शुल्क (एक्सपोर्ट ड्यूटी) में भारी बढ़ोतरी कर दी है। ताजा आदेश के अनुसार, डीजल पर निर्यात शुल्क को बढ़ाकर अब 55.5 प्रति लीटर कर दिया गया है। इसी तरह, हवाई जहाजों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन पर भी लेवी को बढ़ाकर 42 प्रति लीटर कर दिया गया है। सरकार के इस फैसले का सीधा असर उन तेल कंपनियों पर पड़ेगा जो बड़े पैमाने पर भारतीय रिफाइनरियों से विदेशों में ईंधन का निर्यात करती हैं। दिल्ली में, जो देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है, वहां अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट फ्यूल के दाम 76.55 डॉलर प्रति किलोलीटर (5.33%) बढ़कर अब 1511.86 डॉलर प्रति किलोलीटर कर दिए गए हैं।



### घरेलू एयरलाइंस को मिली राहत

जहां अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन महंगा हुआ है, वहीं राहत की बात यह है कि घरेलू एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले 1 अप्रैल को घरेलू एयरलाइंस के लिए दरों में 25 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी की गई थी, जिससे कीमतें 1,04,927.18 रुपये प्रति किलोलीटर तक पहुंच गई थीं यानी एक माह में दूसरी बार कीमतों में उछाल आया है।

### ईंधन बेचने पर सरकार को मिलेगा टैक्स

निर्यात शुल्क में की गई इस भारी वृद्धि से निजी क्षेत्र की रिफाइनरियों के मुनाफे पर दबाव बढ़ने की संभावना है। ये कंपनियां भारी मात्रा में डीजल और एटीएफ का निर्यात यूरोपीय और अन्य विदेशी बाजारों में करती हैं। 55.5 प्रति लीटर की दर से एक्सपोर्ट ड्यूटी लगने का मतलब है कि अब कंपनियों को विदेशी बाजारों में ईंधन बेचने के लिए सरकार को पहले से कहीं ज्यादा टैक्स देना होगा। इससे कंपनियों के मार्जिन में कमी आ सकती है और उनके वित्तीय प्रदर्शन पर इसका सीधा असर देखने को मिल सकता है।

### *सरकार की मंशा घरेलू आपूर्ति बनी रहे*


*सरकार द्वारा ईंधन के निर्यात पर टैक्स बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश के भीतर पेट्रोलियम उत्पादों की कोई कमी न हो। अक्सर वैश्विक बाजार में कीमतें अधिक होने पर कंपनियां घरेलू बाजार के बजाय विदेशों में तेल बेचना अधिक फायदेमंद समझती हैं। ऐसे में एक्सपोर्ट ड्यूटी बढ़ाकर सरकार निर्यात को थोड़ा हतोत्साहित करती है ताकि घरेलू पंपों पर तेल की सप्लाई बनी रहे। हालांकि, राहत की बात यह है कि इस बढ़ोतरी का असर देश के भीतर आम जनता को मिलने वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर नहीं पड़ेगा। घरेलू खुदरा कीमतें फिलहाल स्थिर बनी हुई हैं।*

### *हर 15 दिन में भाव की समीक्षा*

*भारत में तेल के निर्यात और उत्पादन पर लगने वाले 'विंडफॉल टैक्स' और एक्सपोर्ट ड्यूटी की समीक्षा हर 15 दिनों में की जाती है। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और रिफाइंड उत्पादों के प्रॉफिट मार्जिन के आधार पर लिया जाता है। मौजूदा समय में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है, जिससे तेल कंपनियों के मुनाफे की स्थिति भी बदल रही है। सरकार की यह कोशिश है कि तेल कंपनियां जो 'अतिरिक्त मुनाफा' कमा रही हैं, उसका एक हिस्सा टैक्स के रूप में सरकारी खजाने में आए।*

## खबर संक्षेप

### रवि कोटा एचएएल के नए सीएमडी नियुक्त



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने शुक्रवार को घोषणा की कि रवि कोटा ने कंपनी के 22वें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने डॉ. डीके सुनील का स्थान लिया है, जो 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हुए। उनके पास एयरोस्पेस एवं रक्षा, विनिर्माण और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में तीन दशक से अधिक का समृद्ध अनुभव है। इससे पहले वे एचएएल में निदेशक (ऑपरेशंस) के पद पर कार्यरत थे।

### असम के सीएम के बयान पर भड़का बांग्लादेश



**ढाका।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के पोस्ट ने भारत और बांग्लादेश के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ा दिया है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय की महानिदेशक इशरत जहां ने गुरुवार को ढाका में तैनात भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बढ़े से मुलाकात की और औपचारिक विरोध दर्ज कराया। सीएम ने 20 विदेशियों को पकड़े जाने की जानकारी देते लिखा था कि अभद्र लोग नरम भाषा नहीं समझते। हम असम से उन घुसपैठियों को बाहर निकालते समय इस बात को लगातार याद रखते हैं। बांग्लादेशी अधिकारी ने इसे असंयमित बताया।

### उर्दू को हटाने का कोई इरादा नहीं: सीएम उमर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उर्दू को हटाने का कोई इरादा नहीं है। हम तो बस लोगों की राय जानना चाह रहे थे। फाइल अभी भी मेरी मेज पर है। उमर अब्दुल्ला ने आगे कहा कि और मेरा इसे मंजूरी देने का कोई इरादा नहीं है। बता दें, हबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी ने यह आरोप लगाया था कि जम्मू कश्मीर के राजस्व रिकॉर्ड से उर्दू को एक एक अनिवार्य भाषा के तौर हटाने की दिशा में काम चल रहा है। जम्मू में जब 2024 में चुनाव हुए थे तो नेशनल कार्फ्रेंस को जीत मिली थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का फिर एक नया दावा

# ईरान समझौता करने को बेताब, युद्धविराम तोड़ने की जरूरत नहीं, परमाणु क्षमता पूरी तरह नष्ट की

*ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है। उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावनाओं को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि संघर्ष-विराम तोड़ने की जरूरत नहीं है। ट्रंप ने गुरुवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कही। ट्रंप ने कहा कि युद्धरत पक्षों के बीच बातचीत की स्थिति की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है। मेरे और कुछ अन्य लोगों के अलावा किसी को नहीं पता कि बातचीत की क्या स्थिति है। ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका और ईरान के बीच पूर्ण युद्ध नहीं है, बल्कि यह एक सैन्य अभियान है। सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है। उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। हमने ईरान की परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। ट्रंप ने दोहराया कि ईरान को परमाणु हथियार कभी नहीं बनाने दिया जाएगा।

ईरान में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया

होर्मुज की नाकेबंदी से ईरान को तेल से आय नहीं



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

### ईरान की अर्थव्यवस्था चरमराई

राष्ट्रपति ट्रंप ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिका की नाकेबंदी (ब्लॉकेड) बहुत प्रभावी साबित हुई है। ईरान को तेल से कोई आय नहीं हो रही है और उसकी अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही कोई समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि स्टॉक मार्केट नई ऊंचाई पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि जब डॉव 50,000 और एसएंडपी 7,000 के पार पहुंचा तो उन्होंने सोचा कि अब ईरान के मुद्दे पर कुछ करना चाहिए।

### मेरी एक कॉल से रुकी 8 महिलाओं की फांसी

ट्रंप ने दावा किया कि ईरान आठ महिलाओं को फांसी देने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उन्होंने फोन पर हस्तक्षेप किया और उन्हें रोक दिया। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे कहा- ऐसा मत करो, पूरी दुनिया देख रही है। मुझे खुशी है कि उन्होंने ऐसा नहीं किया। ट्रंप का आरोप है कि ईरान में पिछले दो महीनों में विरोध प्रदर्शनों के दौरान 42,000 लोगों को मार दिया गया। उन्होंने कहा कि ये लोग निहत्थे थे और सिर्फ विरोध करने के लिए मारे गए। उन्होंने कहा कि अब मैं किसी न किसी तरह से उस देश को बचाने की कोशिश कर रहा हूं। यह एक क्रूर समूह है, लेकिन हमने उन्हें पूरी तरह से खत्म कर दिया है।

ईरान पर नए हमले की तैयारी में अमेरिका?

### इजराइल भेजा 6500 टन गोला-बारूद और खाना



अमेरिकी सेना पश्चिम एशिया में लंबे युद्ध की तैयारी कर रही है। दरअसल अमेरिकी नौसेना अपने जहाजों के माध्यम से पश्चिम एशिया में ईंधन, खाना, हथियार और बाकी जरूरी सामान भेज रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा कर इसकी जानकारी दी है। कुछ तस्वीरों में लिखा गया है कि गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस डेलबर्ट डी ब्लैक पर ईंधन, खाना, हथियार और जरूरी सप्लाई लोड की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अमेरिका ने बीते 24 घंटे में 6 हजार टन से ज्यादा गोला बारूद और हथियार इजराइल भेजे हैं। इससे आशंका गहरा गई है कि अमेरिका, ईरान के खिलाफ फिर से युद्ध शुरू कर सकता है। इजराइली मीडिया के अनुसार, दो कार्गो जहाज और कई विमान 6500 टन गोला बारूद, मिलिट्री ट्रक, जॉइंट लाइट टेक्टिकल व्हीकल और अन्य हथियार लेकर इजराइल पहुंचे हैं। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका ने इजराइल 1,15,600 टन गोला बारूद, हथियार भेजे हैं।

### दावा: अराघची को हटाने की तैयारी में पेजेशकियान



राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबफ कथित तौर पर विदेश मंत्री अब्बास अराघची को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन दोनों नेताओं ने अरागची पर यह आरोप लगाया है कि उन्होंने राष्ट्रपति पद की अनदेखी करते हुए 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' के निर्देशों का पालन किया है। अराघची ने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर अहमद वाहिदी के एक सहायक के तौर पर ज्यादा काम किया है। वे वाहिदी के साथ पूर्ण समन्वय में काम कर रहे हैं और कथित तौर पर राष्ट्रपति पेजेशकियान को सूचित किए बिना उनके निर्देशों पर आधारित नीतियों को लागू कर रहे हैं। राष्ट्रपति को लगता है कि संवेदनशील कूटनीतिक दांव-पेचों के दौरान विदेश मंत्री के सैन्य कमान की ओर झुकने से उनकी स्थिति कमजोर हुई है।

### तुर्किये 'अगला ईरान': बेनेट



इजराइल-ईरान और अमेरिका के बीच दो दौर के युद्ध के बाद तुर्किये ने अपनी एयर डिफेंस, मानव रहित प्लेटफॉर्म और पांचवीं पीढ़ी के कान फाइटर जेट प्रोजेक्ट में तेजी ला दी है। इजराइल में सरकार और विपक्ष दोनों के नेता अपने बयानों में लगातार तुर्किये की तुलना ईरान से करने लगे हैं। इजराइल के लोकप्रिय विपक्षी नेता नाफ्ताली बेनेट जो अगले पीएम बन सकते हैं, ने अमेरिका में एक सम्मेलन में कहा कि तुर्किये 'अगला ईरान' है।

रूस के 210 ड्रोन हमले से दहला यूक्रेन

# आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और नागरिक सुविधाओं को बनाया निशाना, 5 घायल



यूक्रेन के क्रिवी रिह में आवासीय इमारत में आग

- *जेलेंस्की का सवाल- कब तक चलेगी पुतिन की मनमानी?*
- *ओडेसा, सूमी, जापोरिज्जिया और खार्किव क्षेत्र में बड़ा हमला*

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस द्वारा किए गए बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से रूस पर कड़ा दबाव बनाने और समन्वित प्रतिबंध लगाने की अपील की है। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया कि रूस ने रातभर में 210 ड्रोन हमले किए, जिनमें से करीब 140 शाहेद ड्रोन थे। इन हमलों का निशाना आवासीय क्षेत्र, ऊर्जा ढांचा और महत्वपूर्ण नागरिक सुविधाएं रहीं। उन्होंने कहा कि ओडेसा में आवासीय इमारतों पर हुए हमलों में आग लग गई, जिससे पांच लोग घायल हो गए। वहीं, क्रिवी रिह में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति घायल हुआ है। इसके अलावा सूमी और जापोरिज्जिया क्षेत्रों में भी हमले किए गए। जेलेंस्की ने बताया कि खार्किव क्षेत्र में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी निशाना बनाया गया, जिसमें ट्रैक्शन सबस्टेशन प्रभावित हुए। कई रेल डिब्बों में आग लग गई और हजारों परिवारों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उन्होंने कहा कि रूस लगातार यूक्रेन के ऊर्जा सेक्टर, नागरिक सुविधाओं और महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बना रहा है। जेलेंस्की ने कहा कि इस तरह के लगातार हमले यह साबित करते हैं कि रूस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ाना बेहद जरूरी है ताकि यूरोप की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### *सख्त प्रतिबंधों की मांग*

*जेलेंस्की ने कहा कि प्रतिबंध नीति को और मजबूत करने की जरूरत है और सभी सहयोगी देशों को अपने प्रतिबंधों को एक साथ लागू करना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा कि रूस की आर्थिक और सैन्य क्षमता को सीमित करना जरूरी है ताकि युद्ध को आगे बढ़ने से रोका जा सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने साफ कहा कि अगर रूस स्वेच्छा से कूटनीति के रास्ते पर नहीं आता, तो उसे मजबूर करना होगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों का आभार जताते हुए कहा कि यूक्रेन शांति के लिए किसी भी सम्मानजनक और प्रभावी प्रक्रिया में काम करने के लिए तैयार है। जेलेंस्की ने स्पष्ट किया कि यूक्रेन एक स्थायी और वास्तविक शांति चाहता है, न कि अस्थायी समझौता।*

### *बंदरगाह पर भी हमला*

*ओडेसा के क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर ने बताया कि यूक्रेन के दक्षिणी ओडेसा क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमले में बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और ओडेसा शहर में दो लोग घायल हो गए। ओडेसा में, एक 16 मंजिला इमारत पर हमले के बाद एक अपार्टमेंट पूरी तरह से नष्ट हो गया और छत में आग लग गई।*

भारत में एपल स्मार्टफोन की अच्छी बिक्री

# गदगद हुए टिम कुक, कहा- मिडिल क्लास का बूम हमारे लिए बड़ा मौका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टेक दिग्गज कंपनी एपल ने एक बार फिर वैश्विक स्मार्टफोन और प्रीमियम टेक बाजार में मजबूत ग्रोथ दर्ज की है। मार्च 2026 तिमाही में रिकॉर्ड-तोड़ कमाई करने के बाद कंपनी के सीईओ टिम कुक ने कहा कि भारत एपल के लिए बहुत बड़ा अवसर बन चुका है। कंपनी यहां अपने भविष्य को लेकर काफी उत्साहित भी है। एपल ने जनवरी-मार्च तिमाही में शानदार वित्तीय प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ कुल रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाया, बल्कि भारत सहित लगभग सभी उभरते बाजारों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है।



कंपनी का कहना है कि भारत में तेजी से बढ़ता मध्यम वर्ग, प्रीमियम डिवाइसों की बढ़ती मांग और नए ग्राहकों की संख्या एपल की सबसे बड़ी ताकत बन रही है। टिम कुक ने कहा कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार बन चुका है। हमने विकसित और उभरते दोनों बाजारों में मार्च तिमाही के रिकॉर्ड रेवेन्यू हासिल किए।

फर्जी बुल्गारियाई पासपोर्ट से बड़ा खुलासा

# ड्रग माफिया सलीम तुर्किये में 'हमजा' बनकर रह रहा था, जांच की जा रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी के बड़े नामों में शामिल मोहम्मद सलीम डोला को लेकर चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार वह तुर्किये में फर्जी पहचान के साथ रह रहा था। अधिकारियों के मुताबिक सलीम डोला तुर्किये में खुद को 'हमजा' नाम से पेश कर रहा था और वहां एक बुल्गारियाई पासपोर्ट के आधार पर रह रहा था। हालांकि अब यह जांच की जा रही है कि यह पासपोर्ट असली था या फर्जी। बता दें, सलीम डोला को हाल ही में तुर्किये के इस्तांबुल में गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जारी था, जो भारत की एजेंसियों के अनुरोध पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जारी करवाया था। जांच एजेंसियों के मुताबिक, डोला एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का हिस्सा था, जिसका कारोबार लगभग 5000 करोड़ रुपए तक फैला हुआ था।






मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को मिलेगा अब उनका हक

# ऑस्ट्रेलिया का नया नियम: गूगल और मेटा को चुकाने होंगे न्यूज के पैसे

सोशल मीडिया पर न्यूज दिखाएं या नहीं, मीडिया कंपनियों को भुगतान करना पड़ेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हम सब रोज गूगल और फेसबुक (मेटा) पर खबरें पढ़ते हैं। इन खबरों के दम पर बड़ी टेक कंपनियां यूजर्स को अपने प्लेटफॉर्म पर बनाए रखती हैं और खूब मुनाफा कमाती हैं। लेकिन, दिन-रात मेहनत करके इन खबरों को तैयार करने वाले पत्रकारों और मीडिया हाउसेस को उनका सही हिस्सा अक्सर नहीं मिल पाता। इसी नाइंसाफी को खत्म करने के लिए ऑस्ट्रेलियन सरकार ने इस हफ्ते एक नया नियम पेश किया है, जिसका नाम है- 'न्यूज बार्गेनिंग इन्सेंटिव'।

### पुराने कानून के तहत 1 बिलियन डॉलर से अधिक का भुगतान किया था



सर्च इंजन और सोशल मीडिया को इंगेजमेंट के लिए न्यूज चाहिए थी और सोशल मीडिया कंपनियां इसे मुफ्त में उठा रहे थे। वहीं मीडिया कंपनियों की मजबूरी थी कि उन्हें अपनी रीच बढ़ाने के लिए इन बड़े प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर रहना पड़ता था। जब सरकार ने पहली बार यह कानून बनाकर टेक कंपनियों से न्यूज के पैसे मांगने की बात कही तो गूगल और मेटा ने न्यूज कंटेट ही गायब कर दिए। सरकार ने थोड़ी ढील देते हुए शर्त रखी कि अगर ये टेक कंपनियां खुद आगे आकर मीडिया हाउसेस के साथ कमर्शियल डील कर लेंगी तो उन पर कानून की सख्त धाराएं नहीं लगाई जाएंगी। इसके कारण महज 6 महीने के भीतर ही धड़ाधड़ कई डील्स फाइनल हो गईं। इस पुराने कानून के तहत 5 वर्षों के भीतर मीडिया कंपनियों को 1 बिलियन डॉलर से ज्यादा का भुगतान किया गया। इसका फायदा सिर्फ बड़े मीडिया घरानों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि छोटी न्यूज कंपनियों को भी उनके हक का पैसा मिला।

### *नया कानून पुराने से सख्त*

*यह कानून पुराने वाले से कहीं ज्यादा स्मार्ट और सख्त है। अब टेक कंपनियां न्यूज हटाकर बच नहीं पाएंगी। नया नियम साफ कहता है कि चाहे वे अपने प्लेटफॉर्म पर न्यूज दिखाना जारी रखें या उसे पूरी तरह से ब्लॉक कर दें, उन्हें मीडिया कंपनियों को भुगतान तो करना ही पड़ेगा। साथ ही, अब इन कंपनियों को हर एक छोटे-बड़े मीडिया हाउस के साथ अलग-अलग मध्यस्थता करने की जरूरत नहीं है। अगर वे कम से कम चार मुख्य कंपनियों के साथ भी समझौते कर लेते हैं, तो सरकार इसे पर्याप्त मान लेगी।*

### *डील नहीं मानी तो लगेगा भारी जुर्माना*

*इन नियमों को अनसुना करने या डील करने में आनाकानी करने पर सोशल मीडिया कंपनियों पर सख्त आर्थिक डंडा चलेगा। नियमों की अनदेखी करने पर कंपनियों को उनकी अनुमानित डील वैल्यू से 50% अधिक रकम पेनाल्टी (जुर्माने) के तौर पर चुकानी होगी।*

## खबर संक्षेप

### मतगणनाः मप्र के चार आईएएस की लगी ड्यूटी

**भोपाल।** चार राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के दौरान मतगणना के लिए प्रदेश के चार आईएएस अधिकारियों को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ये सभी शुक्रवार को विभिन्न राज्यों के लिए रवाना होंगे। 2012 बैच के आईएएस वाणिज्य कर विभाग के अपर सचिव राजेश अग्रवाल को पश्चिम बंगाल में चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है। 2014 बैच के आईएएस मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के महाप्रबंधक विनय निगम को तमिलनाडु में मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है। इसी तरह खनिज विभाग की अपर सचिव भारती अरोड़ा को पांडिचेरी और राजस्व विभाग के अपर सचिव चंद्रशेखर शुक्ला को भी मतगणना प्रेक्षक बनाया गया है।

### स्कूल शिक्षा विभाग में 50% पद संविदा अफसर को

**भोपाल।** राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश राज्य एवं अधीनस्थ शिक्षा सेवा (शाला भर्ती तथा पदोन्नति) नियमों में दस साल बाद बदलाव किया है। सीधी भर्ती के पचास फीसदी नियमित पदों पर अब संविदा अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। सीधी भर्ती के नियमित पदों के समकक्ष संविदा पदों पर पांच वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले संविदा अधिकारियों की कुल संख्या के पचास प्रतिशत पद अथवा विभाग में सीधी भर्ती के रिक्त पदों के पचास प्रतिशत तक के पद, जो भी कम हो, संविदा अधिकारियों की नियुक्ति के लिए आरक्षित रखे जाएंगे।

### मंत्री कृष्णा ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

**भोपाल।** मप्र शासन की मंत्री कृष्णा गौर ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मंत्री गौर ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है।

### अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने पदभार ग्रहण किया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल की उपस्थिति में गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जनजाति आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष रामलाल रौतेल एवं आयोग के सदस्य भगत नेताम, मंगल सिंह धुर्वे ने मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

### असम से सरमा की विदाई तयः शर्मा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व कानून मंत्री पीसी शर्मा ने पांच राज्यों के चुनावी रुझानों और एग्जिट पोल पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भाजपा पर चुनावों में धांधली और राजनीतिक षड्यंत्र रचने के आरोप लगाए हैं। शर्मा का दावा है कि पश्चिम बंगाल में ईवीएम को 'सेट' किया गया है और असम में चुनाव परिणामों के बाद मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की विदाई तय है। पीसी शर्मा ने एग्जिट पोल को पूरी तरह से 'प्रायोजित' करार देते हुए कहा कि यह सब एक नैरेटिव सेट करने की कोशिश है। बंगाल में भाजपा की सरकार बनाने के लिए पूरी जोड़-तोड़ की गई है। वहां ईवीएम सेट है।

## प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में फर्जी मौत का 'खेल' 2.5 करोड़ की बीमा ठगी, सीआईडी ने दर्ज की दो एफआईआर

### गिरोह ने ग्वालियर, मुरैना, रतलाम समेत प्रदेश के कई जिलों में करीब ढाई करोड़ रुपए ठगे

### ■ फर्जी नामों से सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए ■ खातों के जरिए योजना अंतर्गत बड़ी संख्या में बीमा पॉलिसियां ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्रों के जरिए करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी), पुलिस मुख्यालय भोपाल ने इस संगठित ठगी के मामले में दो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीआईडी सूत्रों के अनुसार, एक संगठित अपराधी गिरोह ने ग्वालियर, मुरैना, रतलाम समेत प्रदेश के कई जिलों में करीब ढाई करोड़ रुपए की बीमा ठगी को अंजाम दिया। गिरोह ने फर्जी नामों से सैकड़ों बैंक खाते खुलवाए और इन्हीं खातों के जरिए योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में बीमा पॉलिसियां लीं। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक ही परिवार के कई सदस्यों का बीमा कराया, यहां तक कि एक ही व्यक्ति के नाम-पते से अलग-अलग बीमा कंपनियों में पॉलिसियां ली गईं। कई खातों में एक ही मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी का उपयोग किया गया, जिससे क्लेम की राशि प्राप्त की जा सके।

### दूसरे राज्यों में खाते में रकम कराई ट्रांसफर

गिरोह की कार्यप्रणाली भी बेहद संगठित पाई गई। ग्वालियर और मुरैना में खाते खुलवाने के बाद ठगी की रकम रतलाम, राजस्थान के सवाई माधोपुर और गंगानगर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों के एटीएम से निकाली गई या म्यूल खातों में ट्रांसफर कर दी गई। इसी तरह रतलाम में खुले खातों से ग्वालियर-मुरैना क्षेत्र में निकासी की गई। संदिग्ध खातों को फिलहाल फ्रीज कर दिया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि कई मामलों में बीमित व्यक्ति का पता एक स्थान का था, जबकि मृत्यु किसी अन्य शहर में दर्शाई गई और वहीं से फर्जी प्रमाण पत्र जारी कराए गए। कई मामलों में एक ही परिवार के दो-तीन सदस्यों की मौत कुछ ही दिनों के अंतराल में प्राकृतिक बताकर क्लेम लिया गया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना केंद्र सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसके तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के लोगों को मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का जीवन बीमा कवर मिलता है। इस मामले में दो अलग-अलग अपराध दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है और इस संगठित गिरोह के अन्य सदस्यों व नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

### कई मामलों में जीवित व्यक्ति को मृत्य घोषित किया

चौंकाने वाली बात यह है कि कई मामलों में जिन लोगों का बीमा किया गया, उन्हें खुद इसकी जानकारी तक नहीं थी। बीमा कराने के कुछ ही समय बाद उन व्यक्तियों को मृत दिखाकर नगरीय निकायों से फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाए गए और बीमा कंपनियों से क्लेम हासिल कर लिया गया।

## किसानों के हित में समर्पित होकर कार्य करें कृषि कर्मयोगी : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# मध्य प्रदेश के किसानों के लिए टोल फ्री 155253 सीएम किसान हेल्पलाइन शुरू


कार्यशाला में संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।


कार्यशाला में उपस्थित कृषि कर्मयोगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसानों की सेवा के लिए सीएम किसान हेल्पलाइन प्रारंभ की गई है। किसान भाई टोल फ्री नम्बर 155253 के माध्यम से इस नवाचारी पहल का लाभ ले सकेंगे। इस हेल्पलाइन से किसानों को त्वरित मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध होगी।

यह बात गुरूवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी स्थित रवींद्र भवन में सीएम किसान हेल्पलाइन का शुभारंभ करते हुए कही। रवींद्र भवन में कृषक कल्याण वर्ष में किसानों के सशक्तिकरण और उनकी आय वृद्धि के उद्देश्य से कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सूचना प्रौद्योगिकी आधारित प्रणालियों की शुरूआत की गई, जिनमें मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड, पैक्स समितियों में सदस्यता वृद्धि महाअभियान और सीएम किसान हेल्पलाइन शामिल हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हेल्पलाइन से जुड़कर कृषि संबंधी जानकारी प्राप्त की और इसकी उपयोगिता का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपस्थित सभी कृषि कर्मयोगियों से किसान हितैषी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों के लिए कार्य करते हुए नए प्रयोगों के साथ अपने मन के नए अंकुरण और कोमलता को जीवंत रखने की आवश्यकता है।

### हर जिले में कृषि मेले आयोजित किए जा रहेः मंत्री कंषाना

*कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा कि हर जिले में कृषि मेले आयोजित किये जा रहे हैं। इस कार्यशाला के माध्यम से कृषि कर्मयोगियों के साथ मंथन हो रहा है। राज्य में किसान हितैषी सरकार है, मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसानों की परेशानियों के लिए चिंतित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया है। सचिव कृषि निशांत वरवड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसेवकों को कर्मयोगी की संज्ञा दी है। कृषक कल्याण वर्ष में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन से आज सभी 55 जिले, विकासखंड, क्लस्टर लेवल और ग्राम पंचायतों से कृषि से जुड़े 16 विभागों के 1627 चुनिंदा अधिकारियों और कर्मचारियों को कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला में आमंत्रित किया है। कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला में अलग-अलग सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।*

### यह एक समग्र पहल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में कृषक कल्याण वर्ष के दौरान सोलह विभाग समन्वित रूप से किसानों के हित में कार्य कर रहे हैं। यह एक समग्र पहल है, जिसमें कृषि, उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन, मत्स्य पालन सहित अन्य विभागों को जोड़कर किसानों के विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि कर्मयोगी उन्मुखीकरण कार्यशाला से प्रदेश में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी किसानों के समर्पण भाव के साथ नई तकनीकों और नवाचारों को अपनाते हुए कार्य करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में किसानों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2026 कृषक कल्याण के लिए समर्पित किया है।

## भारतीय समय गणना को मिलेगा वैश्विक पहचान

## राम मंदिर समेत सभी ज्योतिर्लिंगों में लगाई जाएगी 'वैदिक घड़ी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अयोध्या के राम मंदिर सहित देश के सभी प्रमुख ज्योतिर्लिंगों में जल्द ही 'वैदिक घड़ी' स्थापित की जाएगी।

इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा की। सीएम ने बताया कि भारतीय काल गणना पर आधारित यह वैदिक घड़ी सनातन संस्कृति की चेतना, ज्ञान और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रतीक है।

उज्जैन में स्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी इसका प्रमुख उदाहरण है, जिसका लोकार्पण नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2024 में किया गया था। यह घड़ी सूर्य आधारित प्रणाली पर संचालित होती है और इसमें वैदिक काल गणना के विभिन्न घटकों को शामिल किया गया है। इसे भारतीय परंपरा और आधुनिक तकनीक के समन्वय का अनूठा नमूना माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि काशी के बाबा विश्वनाथ धाम में इसकी स्थापना के बाद अब इसे देशभर के धार्मिक स्थलों तक विस्तार दिया जाएगा। इस पहल से श्रद्धालुओं को भारतीय समय गणना प्रणाली से जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## सीएम ने अपर मुख्य सचिव शुक्ला के पिता को अर्पित की श्रद्धांजलि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार शाम अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला के भोपाल स्थित निवास पहुंचे। इस दौरान सीएम ने शुक्ला के पिताजी शिवसदन शुक्ला के देवलोकगमन पर संवेदनाएं व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की है कि दिवंगत को श्रीचरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिवारजनों को दुःख सहने का संबल प्रदान करें।

## पीएचक्यू के सख्त निर्देश

## वन कर्मियों पर बिना अनुमति न एफआईआर होगी, न गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन संपदा की सुरक्षा में जुटे मैदानी अमले को बड़ी राहत मिली है। पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि ड्यूटी के दौरान वन रक्षकों, वनपालों और उप वनक्षेत्रपालों के खिलाफ बिना राज्य शासन की पूर्व अनुमति के न तो एफआईआर दर्ज की जाएगी, न गिरफ्तारी की कार्रवाई होगी।

नए निर्देशों के अनुसार, किसी भी कार्रवाई से पहले सक्षम स्तर से लिखित अनुमति अनिवार्य होगी। यह व्यवस्था 28 मई 2004 की अधिसूचना के प्रावधानों को फिर से सख्ती से लागू करते हुए स्पष्ट की गई है। दरअसल, चंबल अभयारण्य में अवैध रेत उत्खनन और वन्य जीव संरक्षण से जुड़े मामलों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लेने के बाद यह कदम उठाया गया है।

### कार्रवाई से पहले ठोस आधार होना जरूरी

सीआईडी के विशेष महानिदेशक द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि वन कर्मियों के खिलाफ किसी भी गंभीर मामले में कार्रवाई से पहले ठोस आधार होना जरूरी है। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि ड्यूटी के दौरान आत्मरक्षा में वन कर्मी शस्त्रों का उपयोग कर सकते हैं। ऐसी स्थिति में सीधे मामला दर्ज करने के बजाय पहले मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी, जिससे यह तय हो सके कि बल प्रयोग आवश्यक था या नहीं। पीएचक्यू ने पुलिस इकाइयों को यह भी हिदायत दी है कि वन अमले से जुड़े मामलों में सामान्य प्रक्रिया से हटकर संवेदनशीलता और विधिक प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया जाए।

## आरोपी महिला को आजीवन कारावास

## झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीज की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में अंधविश्वास और झोलाछाप इलाज के नाम पर महिला की मौत के मामले में कोर्ट ने बड़ा और कड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में आरोपी ईश्वरी साहू को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।

इसके साथ ही कोर्ट ने धर्म स्वतंत्रता अधिनियम और टोनही प्रताड़ना से जुड़े मामलों में भी अलग-अलग सजा दी है। रायपुर कोर्ट ने यह सजा सुनाई है। मामला उस समय सामने आया था जब योगिता सोनवानी नाम की महिला को बीमारी के इलाज के लिए आरोपी ईश्वरी साहू के पास ले जाया गया था। आरोपी खुद को चमत्कारी शक्तियों से युक्त बताकर इलाज करने का दावा करती थी।

उसने योगिता का इलाज कथित तौर पर चमत्कारी तेल और गर्म पानी से किया। इस दौरान महिला की हालत बिगड़ती चली गई और अंततः उसकी मौत हो गई। अमानवीय तरीके और धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत सजा का ऐलान घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी अंधविश्वास फैलाकर लोगों को गुमराह करती थी और झाड़-फूंक व कथित चमत्कारी उपचार के जरिए इलाज करती थी।

इसी दौरान लापरवाही और अमानवीय तरीके से किए गए इलाज के कारण योगिता सोनवानी की जान चली गई। कोर्ट ने पूरे मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही धर्म स्वतंत्रता अधिनियम के तहत 1 वर्ष की सजा और टोनही प्रताड़ना के मामले में भी 1 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## उप मुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा

## विभागीय अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी आपसी समन्वय से समय-सीमा में पूर्ण करें कार्यः शुक्ल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत प्रदेश में संचालित अधोसंरचना विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को निर्देश दिए कि बेहतर समन्वय कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं।

शुक्ल ने कहा कि निर्माण एजेंसियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने सभी परियोजनाओं की नियमित एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते उप मुख्यमंत्री शुक्ल।

### इंदौर, पन्ना, सतना और सीधी के कार्यों की जानकारी ली

बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति, प्रगति, चुनौतियों एवं उनके समाधान पर से चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज इंदौर में चल रहे सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला चिकित्सालय पन्ना, सतना एवं सीधी में संचालित कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज बुधनी, मंडला एवं छतरपुर में आवश्यक फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## खुद को तहसीलदार बताकर बीएसपी कर्मी से ली रकम

## मंत्रालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.70 लाख रुपए की युवक से ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नेवई थाना अंतर्गत रिसाली निवासी एक सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारी के साथ नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी ने स्वयं को सूरजपुर जिले का तहसीलदार बताया व झांसे में लिया।

### रुपए लेकर नौकरी नहीं लगवाई

इस प्रकार आरोपी ने कुल 2.70 लाख रुपए लेकर नौकरी नहीं लगवाई और बाद में अपना मोबाइल नंबर भी बंद कर दिया। प्रार्थी ने आरोपी का फोटो भी अपने मोबाइल में सुरक्षित रखा है, जिसे आवेदन के साथ पुलिस को सौंपा गया है। मामले में पुलिस ने धारा 318(4) व 319 के तहत तथाकथित राहुल कुमार वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### क्या है मामला

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दया नगर रिसाली निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी प्रार्थी भूषण प्रसाद वर्मा (61 वर्ष) ने नेवई पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें प्रार्थी ने पुलिस को बताया है कि उनकी पहचान जिला न्यायालय दुर्ग में एक व्यक्ति से हुई थी, जिसने अपना नाम राहुल कुमार वर्मा बताया और खुद को जिला सूरजपुर का तहसीलदार बताया। आरोपी ने प्रार्थी को उनकी बेटी मितेश्वरी वर्मा को मंत्रालय रायपुर में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नौकरी दिलाने का झांसा दिया। उसकी बातों में आकर प्रार्थी ने अलग-अलग तारीखों में 2.70 लाख रुपए आरोपी को दिए। सात अक्टूबर 2025 को आरोपी प्रार्थी के घर दया नगर रिसाली आया, जहां उसे नकद 1.50 लाख रुपए दिए गए। 10 अक्टूबर 2025 को प्रार्थी की बेटी के पेटीएम के माध्यम से एक लाख रुपए ट्रांसफर किए गए।

## आरोपियों ने मामले को जगदलपुर स्थानांतरित करने की मांग की थी

## पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांडः मुख्य आरोपी की याचिका खारिज, दंतेवाड़ा में ही चलेगा ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की खंडपीठ ने मुख्य आरोपित सुरेश चंद्राकर सहित अन्य आरोपितों की आपराधिक स्थानांतरण याचिका को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही स्पष्ट हो गया है कि मामले का ट्रायल दंतेवाड़ा की जिला एवं सत्र अदालत में ही जारी रहेगा। आरोपी सुरेश चंद्राकर, रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और महेंद्र रामटेके ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मामले को दंतेवाड़ा से जगदलपुर स्थानांतरित करने की मांग की थी।

### पेशी में कोई सुरक्षा या लाजिस्टिक दिक्कत नहीं

आरोपियों के वकील ने दलील दी कि जगदलपुर जेल से दंतेवाड़ा कोर्ट तक लगभग 80 किलोमीटर के रास्ते में उनकी जान को खतरा है। इसी आधार पर ट्रायल स्थान बदलने की मांग की गई। सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन ने आरोपियों के तर्कों को खारिज करते हुए अदालत को बताया कि पेशी में कोई सुरक्षा या लाजिस्टिक दिक्कत नहीं है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी की व्यवस्था उपलब्ध है। आवश्यकता होने पर आरोपियों को दंतेवाड़ा जेल शिफ्ट किया जा सकता है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिका को निराधार मानते हुए खारिज कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा का हवाला देकर ट्रायल की प्रक्रिया और स्थान को प्रभावित नहीं किया जा सकता। अब इस मामले में सभी आरोपियों को 4 मई को दंतेवाड़ा जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### ठेकेदार के घर में मिला था शव

स्वतंत्र पत्रकार और 'बस्तर जंक्शन' यूट्यूब चैनल के संचालक मुकेश चंद्राकर की एक जनवरी 2025 को निर्ममता से हत्या कर दी गई थी। उनका शव पत्रकार मुकेश के ही चचेरे भाई ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के घर के सेप्टिक टैंक से बरामद हुआ था। आरोप है कि मुकेश ने सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा किया था, जिसके चलते रंजिश में इस हत्या को अंजाम दिया गया। हत्या का मास्टरमाइंड ठेकेदार सुरेश चंद्राकर था, जिसने षडयंत्र रचाकर अपने अन्य भाइयों और सहयोगी के साथ मिलकर उसकी हत्या की थी। इसके बाद पुलिस को गुमराह करने उसका शव चट्टानपारा स्थित बाड़े में सेप्टिक टैंक में डालकर उसे चुनवा दिया था, पर मुकेश के सहयोगी पत्रकार साथियों ने उसका शव ढूंढ निकाला। बाद में पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किए थे।

# हे माँ... हर आंख नम, बरगी क्रूज हादसे ने झकझोरा प्रदेश






- सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के संकेत
- 28 लोगों की जान बचाने वाले श्रमिकों को 51-51 हजार, मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख सहायता



**हरिभूमि, जबलपुर।** बरगी बांध में हुआ क्रूज हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि एक ऐसी त्रासदी बन गया है जिसने पूरे प्रदेश को भीतर तक झकझोर दिया है। खुशियों से भरी एक सैर पल भर में मातम में बदल गई और कई परिवारों की दुनिया उजड़ गई। शुक्रवार सुबह सामने आई एक तस्वीर ने इस हादसे को और भी मार्मिक बना दिया। एक मां, जिसने आखिरी सांस तक अपने चार वर्षीय मासूम को सीने से चिपकाए रखा, लेकिन उसे जिंदगी नहीं दे सकी। यह दृश्य न सिर्फ वहां मौजूद लोगों की आंखें नम कर गया, बल्कि पूरे देश-प्रदेश के दिल को द्रवित कर गया।

## मां की गोद में मिला मासूम, 9 शव बरामद, लापता लोगों की तलाश जारी, सरकार का सख्त एक्शन



## सीएम ने किया घटनास्थल का दौरा

मुख्यमंत्री शुक्रवार दोपहर जबलपुर पहुंचे और सीधे बरगी डैम जाकर राहत कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना और अन्य एजेंसियों के प्रयासों की सराहना की और निर्देश दिए कि रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी लाई जाए।

## आरएम भोपाल अटैच, चालक, हेल्पर समेत मैनेजर की सेवाएं समाप्त


बरगी बांध में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि इस घटना के जिम्मेदारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने हादसे की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं और दोषियों पर कठोर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक कार्रवाई में क्रूज पायलट महेश पटेल, हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। वहीं होटल मैकल रिसॉर्ट एवं बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को निलंबित कर दिया गया है। रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दुर्घटना की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जिसमें महानिदेशक होमगार्ड, सचिव और संभागायुक्त शामिल होंगे। समिति हादसे के कारण, परिस्थितियों और क्रूज संचालन से जुड़े नियमों की गहन जांच करेगी। साथ ही भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए सख्त एसओपी तैयार की जाएगी। हादसे में अब तक 9 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हुई है, जबकि 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्य में जुटे श्रमिकों को 51-51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देने और सभी बचावकर्मियों को सम्मानित करने की घोषणा की है। पीड़ित परिवारों को राज्य सरकार द्वारा 4-4 लाख रुपये तथा प्रधानमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया।

### क्या बदलेगी व्यवस्था?

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या इस हादसे के बाद व्यवस्थाएं सुधरेंगी या फिर यह त्रासदी भी कुछ समय बाद भुला दी जाएगी?

### अंत में एक तस्वीर जो हमेशा याद रहेगी

मां की गोद में चिपका मासूम, पानी में डूबा क्रूज, और किनारे खड़े रोते-बिलखते परिजन। यह दृश्य सिर्फ एक हादसे की कहानी नहीं, बल्कि उस दर्द की गूंज है, जो लंबे समय तक लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी। बरगी की लहरें शांत जरूर हो जाएंगी, लेकिन इस हादसे की टीस शायद कभी शांत नहीं होगी।



- पीएम मोदी ने जताया शोक, अतिरिक्त मुआवजा घोषित; सांसद विवेक तन्खा ने विदेश दौरा रद्द किया

### मां की ममता भी हार गई नियति से

दिल्ली निवासी मरीना मसीह (39) अपने बेटे प्रशांत (4) के साथ बरगी बांध घूमने आई थीं। परिवार के साथ यह यात्रा यादगार बनने वाली थी, लेकिन नियति ने इसे दर्दनाक बना दिया। रेस्क्यू टीम जब क्रूज के अंदर पहुंची, तो उन्हें मरीना का शव मिला, जिसके सीने से उनका मासूम बेटा चिपका हुआ था। बताया जाता है कि उन्होंने अपनी लाइफ जैकेट से बच्चे को बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी में फंसे क्रूज से बाहर नहीं निकल सकीं। यह दृश्य ऐसा था, जिसे देखकर राहतकर्मी भी खुद को संभाल नहीं पाए।

### मृतकों की संख्या बढ़ी, रेस्क्यू अभियान जारी

गुरुवार को हुए हादसे के बाद रातभर चले राहत कार्य में पहले चार शव बरामद किए गए थे। शुक्रवार सुबह पांच और शव मिलने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। अब भी कुछ लोग लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना के गोताखोर और प्रशासनिक टीमें लगातार जुटी हुई हैं। इस बीच, 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है, जो राहत कार्य की एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

### परिवारों की खुशियां पल भर में उजड़ीं

इस हादसे में कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। सैयद रियाज हुसैन (72) ने अपनी पत्नी रेशमा सैयद और समधन शमीम फातिमा को खो दिया। कृष्णा सोनी की पत्नी नीतू सोनी की डूबने से मौत हो गई, जबकि उनका 5 वर्षीय बेटा अब भी लापता है। श्री कामराज की पत्नी की भी इस हादसे में मृत्यु हो गई, उनका एक पुत्र अभी भी लापता है। इन परिवारों के घरों में अब सिर्फ सन्नाटा और इंतजार बचा है।

### गलती से बढ़ा भ्रम, बाद में मिली राहत

हादसे के बाद जारी सूची में वंदना थापा को लापता बताया गया था, जिससे उनके परिजनों में चिंता बढ़ गई थी। बाद में स्पष्ट हुआ कि वे सुरक्षित हैं और अस्पताल में उपचाररत हैं। नाम में हुई त्रुटि के कारण यह भ्रम पैदा हुआ था, जिसे बाद में सुधार लिया गया।

### सुरक्षा इंतजामों पर उठे बड़े सवाल

बरगी क्रूज हादसे ने पर्यटन विभाग और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खराब मौसम के बावजूद क्रूज संचालित किया गया। सभी यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनाना सुनिश्चित नहीं किया गया। आपातकालीन स्थिति में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं थे। इन सभी कारणों ने मिलकर इस हादसे को और भी भयावह बना दिया।

### क्रूज चालक की योग्यता पर भी सवाल

हादसे के बाद यह जानकारी भी सामने आई है कि क्रूज का चालक पहले क्लीनर था और बाद में उसे संचालन की जिम्मेदारी दे दी गई। इस तथ्य ने व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है।

### सीएम ने दिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जांच तीन प्रमुख बिंदुओं पर केंद्रित होगी। घटना के समय की परिस्थितियां, क्रूज संचालन से जुड़े नियमों की जानकारी प्रमख रूप से शामिल रहेगी।

### पीड़ित परिवारों से मिलकर बंधाया ढांढस

मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी।

### मुआवजा और सम्मान की घोषणाएं

राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये जान बचाने वाले श्रमिकों को 51-51 हजार रुपये देने की घोषणा की है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये घायलों को 50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की है।

### उप मुख्यमंत्री और जनप्रतिनिधियों का दौरा

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर राहत कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों से मिलकर बंधाया ढांढस

मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान करेगी।



### सांसद विवेक तन्खा का संवेदनशील कदम

राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने इस हादसे को गंभीरता से लेते हुए अपना विदेश दौरा रद्द कर दिया है। वे जबलपुर पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात करेंगे और घायलों का हाल जानेंगे। तन्खा ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

### राहत कार्य में कई एजेंसियों की भूमिका

इस पूरे ऑपरेशन में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना के गोताखोर, जल जीवन मिशन के कर्मचारी ने मिलकर काम किया। शुरुआती दौर में जल जीवन मिशन के कर्मियों ने ही 16 लोगों की जान बचाई, जो सराहनीय है।

### एक हादसा, कई सबक

बरगी क्रूज हादसा एक कड़वी सच्चाई सामने लाता है। जब सुरक्षा मानकों से समझौता होता है, तो उसकी कीमत मासूम जानों को चुकानी पड़ती है।

रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है



## अधारताल में आंधी-बारिश से गिरे पेड़, बड़ा हादसा टला

### फुटपाथ सब्जी मंडी की कई दुकानें क्षतिग्रस्त, दुकानदारों व ग्राहकों ने भागकर बचाई जान

**जबलपुर।** अधारताल क्षेत्र में तेज आंधी और बारिश के बीच पेड़ गिरने से बड़ा हादसा टल गया। फुटपाथ पर लगी सब्जी मंडी की कई अस्थायी दुकानों को नुकसान पहुंचा, लेकिन समय रहते लोगों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचकर अपनी जान बचा ली।शाम के समय अधारताल फुटपाथ सब्जी मंडी में रोज की तरह चहल-पहल थी। यहां लगभग तीन सौ अस्थायी दुकानें लगती हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचते हैं। इसी दौरान अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई, जिससे फुटपाथ पर लगे कई पेड़ उखड़कर दुकानों पर गिर पड़े। कुछ पेड़ मुख्य मार्ग पर भी गिर गए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वीरेंद्र साहू की अस्थायी सब्जी दुकान पर पेड़ गिरते समय वहां आधा दर्जन से अधिक ग्राहक मौजूद थे। अचानक पेड़ गिरते देख सभी ने भागकर अपनी जान बचाई। वहीं आम की दुकान लगाए अशोक साहू के टपरे में बारिश से बचने के लिए खड़े लोग भी तेजी से सड़क की ओर भागे और



सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए।मुख्य मार्ग पर उस समय भारी और छोटे वाहनों की आवाजाही जारी थी। ऐसे में पेड़ गिरने की घटना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। समय रहते लोगों के सतर्क हो जाने से एक बड़ा हादसा टल गया।

## "सर्व शक्तिमयम्" पर 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आज से

**जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर आगामी 2 एवं 3 मई 2026 को अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस की मेजबानी करने जा रही है। त्रिपुरी शोध पीठ एवं महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस द्वितीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन की थीम "सर्वं शक्तिमयम्" (सभी शक्ति स्वरूप हैं) रखी गई है। कॉन्फ्रेंस के संयोजक डॉ. दिलीप सिंह हजारी ने इसे सनातन धर्म की प्रासंगिकता को समझने का महत्वपूर्ण अवसर बताया, वहीं त्रिपुरी शोध पीठ के अध्यक्ष डॉ. नितिन पटेल ने कहा कि यह आयोजन शक्ति सिद्धांतों पर शोध एवं संवाद का एक सशक्त मंच बनेगा। आयोजन में भारत सहित 5 देशों के शिक्षाविद, शोधकर्ता एवं प्रबुद्धजन भाग लेंगे। कार्यक्रम में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें




शोधकर्ता अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।

संरक्षक नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि शक्तिपीठ केवल तीर्थ स्थल नहीं, बल्कि ऊर्जा के केंद्र हैं जो मानव जीवन और ब्रह्मांडीय चेतना से जुड़े हैं। इस अवसर पर शक्ति पीठों, सिद्ध पीठों एवं शक्ति स्थलों पर आधारित शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे तथा विशिष्ट योगदान देने वाली विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रो. राजेंद्र प्रसाद शर्मा को शक्ति पीठ एवं शक्ति साधना विषय पर उनके शोध कार्य हेतु प्रथम त्रिपुरी शोध सम्मान प्रदान किया जाएगा। इस अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में स्वामिनी सद्विद्यानंद सरस्वती (ओंकारेश्वर), प्रो. राजेंद्र शुक्ला, प्रो. जे.एस. दुबे, इंजी. प्रशांत पोल सहित कई विद्वान वक्ता के रूप में शामिल होंगे। आयोजकों ने संस्कारधानी वासियों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।



## सराफा चौक पर सरफा व्यापारियों ने

**जबलपुर।** कल बरगी डैम में हुई क्रूज दुर्घटना में कई लोगों की जान गई उन्हीं में सराफा परिवार के हमारे प्रमुख व्यवसाई प्रकाश जोहरी और प्रमोद सोनी की बहन नीतू सोनी और भांजा विरार सोनी जो अभी तक लापता है उसको लेकर पूरे सर्राफा एसोसिएशन में दुख व आक्रोश है आक्रोश इस बात का कि हमारे परिवार के उस भांजे ने उस बहन ने जितनी लाइव जैकेट थी सबको लाइफ जैकेट पहनाने में सहयोग किया और अंत में वह लाइफ जैकेट नहीं पहन पाई और उन दोनों का दुखद निधन हो गया आज सराफा एसोसिएशन ने सराफा चौक पर उन मृत आत्माओं की शांति के लिए मोमबत्ती लगाकर श्रद्धांजलि सभा की और प्रशासन से यह मांग की कि उनको क्रूज मेंबर के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई हो जिन्होंने उन पर्यटन को चिंता किए बगैर खुद कुद कर अपनी जान बचाई और संस्कारधानी के पर्यटकों को मरने के लिए छोड़ दिया श्रद्धांजलि सभा में मध्य प्रदेश सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष राजा सराफ, जबलपुर अध्यक्ष नवीन सराफ,पूर्व अध्यक्ष सुरेश सराफ अजय वक्तावर, मंत्री अमित अग्रवाल और संचालन ओम सोनी उपाध्यक्ष महेंद्र ओसवाल मीन ,सहसचिव के के सुहाने विवेक अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य मंगल कलश राजेश सराफ सतीश केसरवानी सुभाष बिलैया सत्य प्रकाश सराफ प्रमोद सोनी विवेक सराफ सुरेंद्र सोनी रतनदीप सराफ दीपू सोनी राहुल जड़िया अनूप अग्रवाल बालकृष्ण सराफ, सत्येंद्र सोनी विवेकसुहाने योगेंद्र सोनी उपस्थित है व इस श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ो की तादात में सर्राफा व्यापारी ने एकत्रित होकर अपनी शोक संवेदना प्रकट की

## मजदूर अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं : शक्ति वर्मा

### -विधिक सेवा प्राधिकरण ने अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस पर किया आयोजन

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने कहा कि मजदूर किसी भी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं। चाहे निर्माण कार्य हो, उद्योग हो या सेवा क्षेत्र, हर जगह उनका योगदान अनमोल है। इसके बावजूद आज भी कई श्रमिकों को उचित सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल पा रही हैं। इसलिए यह दिन श्रमिक अधिकारों के संघर्ष का प्रतीक बन गया है। मजदूरों को न्यूनतम वेतन कानून के तहत हर काम के लिए उचित वेतन मिलना चाहिए। कोई भी नियोक्ता आपको कम वेतन नहीं दे सकता। श्रमिकों को समय पर वेतन और ओवरटाइम भुगतान का अधिकार है। वे मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार व कृष्णमूर्ति मिश्र, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर छोटी लाइन फाटक चौराहा, गोरखपुर में विधिक जागरूकता शिविर में संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मजदूर सुरक्षित कार्यस्थल और स्वास्थ्य सुविधाओं के हकदार हैं। यदि फैक्ट्री या निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का उल्लंघन होता है, तो मजदूर शिकायत कर सकते हैं। सरकार ने असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी योजनाएं बनाई हैं, जैसे बीमा, पेंशन और स्वास्थ्य सहायता। यदि मजदूर जागरूक बनेंगे तो इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

यदि मजदूरों को कानूनी सहायता की आवश्यकता हो, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर निश्शुल्क कानूनी सलाह और न्यायालयीन प्रकरणों के लिए निश्शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराता है। निश्शुल्क टोल-फ्री नंबर 15100 पर भी संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से अनुज शर्मा (हाउस मास्टर), जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निलेश लाड, अमर कुमार बर्मन, अजय महोबिया, पंचम अहिरवार, अविनाश चौधरी, आयुष मिश्रा, राजेन्द्र पटेल, कृष्ण कुमार तिवारी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## अम्बरीष गर्ग को पीएचडी की उपाधि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर किया शोध

**जबलपुर।** मंगलयातन विश्वविद्यालय, जबलपुर के प्रबंधन संकाय द्वारा श्री अम्बरीष गर्ग को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनका शोध प्रबंध "इवैल्युएशन ऑफ द इफेक्टिवनेस ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑर्गेनाइज्ड बाय यूजीसी मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर्स ऑफ मध्य प्रदेश" विषय पर आधारित है।उन्होंने अपना शोध कार्य पर्यवेक्षक डॉ. स्वाति सक्सेना, सह-प्राध्यापक के निर्देशन में पूर्ण किया। वर्तमान में अम्बरीष गर्ग राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल में शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय उन्होंने अपने पिता श्री एच.पी. गर्ग, सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री (जल संसाधन विभाग) एवं डॉ. राजेश्वरी गर्ग, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक, गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी, बिलासपुर को दिया है।



## पनागर नामांतरण विवादः प्रशासन ने आरोपों को बताया निराधार, प्रक्रिया को बताया पूरी तरह वैधानिक

**पनागर।** पनागर तहसील में चर्चित भूमि नामांतरण विवाद को लेकर प्रशासन ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है। तहसीलदार गौरव कुमार पांडेय ने कहा कि नामांतरण की पूरी प्रक्रिया वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप एवं विधिवत पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर संपन्न की गई है। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार संबंधित भूमि की रजिस्ट्री करीब सात माह पूर्व पंजीयन कार्यालय में विधिवत कराई गई थी, जिसके बाद नियमानुसार राजस्व अभिलेखों में नामांतरण दर्ज किया गया। तहसीलदार ने बताया कि प्रक्रिया के तहत हल्का पटवारी द्वारा स्थल का भौतिक सत्यापन, सीमांकन एवं आवश्यक जांच के बाद ही कार्रवाई पूरी की गई।

उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर सोशल मीडिया एवं स्थानीय स्तर पर राजस्व अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए थे। हालांकि प्रशासन द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार मामला मुख्यतः पारिवारिक



विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है, जिसे प्रशासनिक रंग देने का प्रयास किया गया। शिकायतकर्ता रेखा पटेल द्वारा जिला कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पर भी प्रशासन ने विधिक प्रक्रिया के तहत जवाब दे दिया है। प्रशासन का कहना है कि पूरी नामांतरण प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ नियमों के अनुरूप की गई है और लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं।

## एमपी ट्रांसको के टेस्टिंग विंग में स्वदेशी 'आराताई' एप का उपयोग हुआ अनिवार्य

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में 01 अप्रैल से मध्य प्रदेश में परीक्षण एवं संचार (टेस्टिंग) विंग के अंतर्गत सभी आधिकारिक संदेशों के संचार के लिए व्हाट्सएप का उपयोग पूर्णतः बंद कर दिया गया है। मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल की पहल एवं निर्देश पर मध्यप्रदेश के सभी 417 सबस्टेशनों सहित संभागीय एवं वृत्त स्तर के साथ-साथ मुख्य अभियंता कार्यालय के व्हाट्सएप ग्रुपों को स्वदेशी 'आराताई' एप पर स्थानांतरित कर दिया गया है।इस व्यवस्था के तहत अब व्हाट्सएप ग्रुप अथवा व्यक्तिगत व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से की गई किसी भी प्रकार की सूचना या संवाद को मान्य नहीं माना जाएगा। यहां तक कि व्हाट्सएप के माध्यम से की जाने वाली रिपोर्टिंग को भी "रिपोर्ट न करने" की श्रेणी में रखा जाएगा।

## नशे की लत और संबंधित उपचार के लिए चलाया पीयर टू पीयर काउंसलिंग अभियान

**जबलपुर ।** नशे की बढ़ती समस्या और उससे उत्पन्न शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों को ध्यान में रखते हुए 30 अप्रैल 2026 को बेलबाग क्षेत्र, जबलपुर में पीयर टू पीयर काउंसलिंग (Peer to Peer Counselling) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पहल के अंतर्गत कम्युनिटी पीयर वॉलंटियर्स (CPV) द्वारा लगभग 20-25 नशे से प्रभावित युवाओं तक सीधे उनके आवास एवं चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पहुंचकर व्यक्तिगत स्तर पर संवाद स्थापित किया गया।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे की लत से जूझ रहे युवाओं को समझना, उनकी समस्याओं का आकलन करना तथा उन्हें उचित उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। काउंसलिंग के दौरान स्वयंसेवकों ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें इस लत से बाहर निकलने के संभावित उपायों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं को जिले के शासकीय अस्पताल, जबलपुर में उपलब्ध निःशुल्क उपचार सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें इन सेवाओं से जोड़ने का प्रयास किया गया। कई युवाओं ने इस पहल में रुचि दिखाई और उपचार के लिए आगे आने की इच्छा व्यक्त की।पीयर टू पीयर काउंसलिंग एक प्रभावी माध्यम के रूप में उभर रहा है, जिसमें समुदाय के ही प्रशिक्षित स्वयंसेवक प्रभावित व्यक्तियों से सीधे संवाद कर उनके विश्वास को जीतते हैं और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।इस प्रकार के प्रयास समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने और युवाओं को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आयोजकों ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।





## हरसिंघी में शराब दुकान खोलने का विरोध

### सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** ग्राम पंचायत हरसिंघी में प्रस्तावित नई शराब दुकान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गांव के लोगों ने एकजुट होकर आबकारी विभाग सिहोरा को ज्ञापन सौंपते हुए दुकान न खोले जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरसिंघी ग्राम पंचायत में नई शराब दुकान खोलने की तैयारी चल रही है जबकि गांव से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर पहले से ही एक शराब दुकान संचालित है।



ग्रामीणों का कहना है कि पास में पहले से दुकान होने के बावजूद दूसरी दुकान खोलना न केवल अनावश्यक है बल्कि इससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल भी प्रभावित होगा। प्रस्तावित दुकान का स्थान स्कुल जाने वाले बच्चों के मुख्य मार्ग पर स्थित है। बच्चे प्रतिदिन इसी रास्ते से साइकिल व पैदल स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में यहां शराब दुकान खुलने से बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने के साथ उनकी सुरक्षा पर भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों ने प्रस्तावित दुकान को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। इस अवसर पर ग्राम सरपंच रश्मि अरविंद पटेल,अरुण पटेल, संदीप पटेल,सुरेंद्र पटेल,सोनू पटेल,संतोष पटेल, राम सिंह ठाकुर,लल्लू बर्मन,तुलसी राम पटेल, सुनील पटेल,करिया यादव,मन्नू बर्मन,अरविंद पटेल,चन्द्रशेखर पटेल,सीमाबाई,कालू बाई,जयंती बाई,शारदा पटेल,कमला पटेल,उषा सेन,कमलेश, सुगंधा बाई,सावित्री,मनीष सेन,रानी पटेल,वंदना पटेल,सुमन चौधरी सहित अन्य ग्रामीण शामिल रहे।

## खेल भावना की शपथ के साथ 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** "खेल भावना, अनुशासन, समय की पाबंदी और प्रशिक्षकों के प्रति सम्मान" की शपथ के साथ एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में 31 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ पाण्डुताल मैदान में किया गया। शिविर का उद्घाटन कंपनी के कार्यपालक निदेशक एवं परिषद के महासचिव एफ.के. मेश्राम ने किया। इस अवसर पर महेश चंद बालोधी, आलोक श्रीवास्तव, देवेन्द्र चढ़ोकर, दीपक निगम सहित परिषद के पदाधिकारी, विभिन्न खेलों के प्रभारी, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

एफ.के. मेश्राम ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य केवल खेल प्रशिक्षण देना ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करना भी है। उन्होंने बताया कि शिविर में विद्युत परिवार के साथ-साथ शहर के अन्य क्षेत्रों के



बच्चे भी भाग ले रहे हैं, जिससे सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा मिलेगा। शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, कुश्ती, फिजिकल फिटनेस, ताइक्वांडो, शूटिंग, एरोबिक्स, स्केटिंग एवं योग सहित कुल 13 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रतिभागियों को वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी अनिल शर्मा ने शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन जयंत वामन खारपाटे ने किया।




**श्री केशव खरे-** स्टार सिटी नक्षत्र नगर करमेता निवासी श्री केशव खरे (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक चौधरी-** सिद्धबाबा वार्ड रज्जन डेयरी के पास निवासी श्री सुखलाल चौधरी के पुत्र श्री दीपक चौधरी (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई कोरी-** रानी दुर्गावती नगर फेस 2 तिलहरी निवासी श्री दानचंद कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ज्योति सेन-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री मनोज सेन की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योति सेन (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रेमलता ठाकुर-** एसपी आफिस के पीछे पुलिस लाइन निवासी श्रीमती प्रेमलता ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव कुमार सिंह-** पश्चिमी घमापुर शीतलामाई वार्ड निवासी श्री शिव कुमार सिंह (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम सुंदर विश्वकर्मा-** धनी कुटिया के पास अधारताल निवासी श्री श्याम सुंदर विश्वकर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई पटेल-** पुराना कंचनपुर अधारताल निवासी श्री कल्लू पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सरजू प्रसाद विश्वकर्मा-** दशमेश द्वार के पास मदनमहल निवासी श्री सरजू प्रसाद विश्वकर्मा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विष्णु यादव-** रानीताल हनुमान मंदिर के पास निवासी श्री विष्णु यादव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री ओमकार कुशवाहा-** नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री ओमकार कुशवाहा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री मंगला स्वामी-** इंडियन कॉफी हाउस के पास सदर निवासी सुश्री मंगला स्वामी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यूनतम साइज:- ... से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
न्यूनतम साइज:- ... से.मी. रंगीन 400/-
न्यूनतम साइज ... से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362180

## खबर संक्षेप

### महिंद्रा की कुल बिक्री अप्रैल में 14 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) की कुल वाहन बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़कर 94,627 इकाई हो गई। कंपनी ने सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहन बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 56,331 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 52,330 इकाई थी।

### किआ इंडिया की बिक्री अप्रैल में 16 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी किआ इंडिया की अप्रैल 2026 में थोक बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 27,286 इकाई पर पहुंच गई। किआ इंडिया ने 2025 की समान अवधि में 23,623 वाहन बेचे थे। अप्रैल महीने में सबसे अधिक बिक्री है। निरंतर मजबूत मांग को दर्शाता है और भारतीय बाजार के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करता है।

### निसान मोटर की अप्रैल में बिक्री 5,388 इकाई




**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री अप्रैल में 5,388 इकाई रही। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि इसमें घरेलू बाजार की 3,203 इकाई और निर्यात के माध्यम से 2,185 इकाई शामिल हैं। वाहन विनिर्माता कंपनी के प्रबंध निदेशक सौरभ वत्स ने कहा, '' नए वित्त वर्ष की सकारात्मक शुरुआत से हम बेहद उत्साहित हैं।

### टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 28% बढ़ी




**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स लिमिटेड के वाणिज्यिक वाहनों की कुल बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर 34,833 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने 27,221 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि घरेलू बिक्री 27.9 प्रतिशत बढ़कर 32,965 इकाई रही जबकि अप्रैल 2025 में यह 25,764 इकाई थी।

### हुंडई की घरेलू बिक्री में 17 फीसदी का इजाफा




**नई दिल्ली।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की अप्रैल में घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 51,902 इकाई हो गई। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि उसकी स्थापना के बाद से अप्रैल महीने में यह उसकी अब तक की सबसे अधिक घरेलू बिक्री है। अप्रैल 2026 में कंपनी का निर्यात 13,708 इकाई रहा।

### एसआईएस का शुद्ध लाभ 102.5 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** सुरक्षा सेवाएं देने वाली कंपनी एसआईएस लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 102.50 करोड़ रुपये रहा। 2024-25 की समान तिमाही में उसे 223.35 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। समीक्षाधीन में कंपनी की परिचालन आय 31 प्रतिशत बढ़कर 4,489.30 करोड़ रुपये रही, जो 2024-25 की समान तिमाही में 3,427.87 करोड़ रुपये थी।

### महाराष्ट्र दिवस पर शेयर और मुद्रा बाजार रहे बंद

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को शेयर और मुद्रा बाजार बंद रहे।'मजदूर दिवस' के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सर्राफा बाजार में भी कोई कामकाज नहीं हो सका।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक दशक में डेयरी क्षेत्र में 70 प्रतिशत वृद्धिः शाह

एजेंसी ▶▶| लेह/जम्मू

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पद संभालने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है और सिर्फ एक दशक में दूध उत्पादन में करीब 70 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शाह ने शुक्रवार को लद्दाख में डेयरी क्षेत्र में कुछ परियोजनाओं की नींव रखी और अन्य का उद्घाटन किया। साथ ही लद्दाख और करगिल में डेयरी क्षेत्र के बड़े विस्तार की योजनाओं की घोषणा की, जिसमें लेह में 50,000 लीटर प्रतिदिन की दूध प्रसंस्करण क्षमता वाला संयंत्र स्थापित करना शामिल है।

### पशुपालन के लिए अलग विभाग

केंद्रीय मंत्री ने डेयरी क्षेत्र की कई परियोजनाओं की शुरुआत के अवसर पर कहा, '' 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश के पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन हुआ है। पशुपालन के लिए अलग विभाग बनाए जाने से कई क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं।''

**शाह ने लद्दाख में डेयरी परियोनाओं की नींव रखी, लेह में 50,000 लीटर का दूध प्रसंस्करण संयंत्र होगा स्थापित**






### 2014 में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 307 ग्राम प्रति दिन थी

मंत्री ने दूध को विशेषकर बच्चों के लिए पोषण का एक आवश्यक स्रोत बताते हुए कहा कि प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 2014 में 307 ग्राम प्रतिदिन से बढ़कर वर्तमान में लगभग 485 ग्राम हो गई है। उन्होंने कहा, '' पाश्चुरीकृत दूध बच्चों की पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।''

### प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 485 ग्राम दूध होगा उपलब्ध

गृह मंत्री ने उम्मीद जताई कि लद्दाख भी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 485 ग्राम दूध उपलब्धता के राष्ट्रीय औसत को हासिल करेगा जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पोषण सुनिश्चित होगा। उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि दूध पाउडर का उत्पादन भी 2014-15 में 15,00 टन से बढ़कर लगभग 24,000 मीट्रिक टन हो गया है।

### पांच वर्षों में 75 हजार डेयरी सहकारी समितियां होगी स्थापित

शाह ने कहा कि सरकार ने पांच वर्षों में 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियां स्थापित करने का लक्ष्य रखा है जिनमें से 21,000 से अधिक पहले ही बनाई जा चुकी हैं। मंत्री ने लद्दाख प्रशासन से स्थानीय जलवायु परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पशुपालन के लिए उपयुक्त गांवों की पूरी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया।

### देश का दूध उत्पादन 24.8 करोड़ टन

शाह ने कहा कि देश का दूध उत्पादन 2014-15 में 14.3 करोड़ टन से बढ़कर 2024-25 में लगभग 24.8 करोड़ टन हो गया है, जो 10 वर्ष में लगभग 70 प्रतिशत वृद्धि है। उन्होंने कहा, '' इस वृद्धि का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा पिछले पांच वर्षों में हासिल किया गया है।

**कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल हो गई**

**तेल में हल्की गिरावट आई थी तब 110 डॉलर प्रति बैरल हो गई थी**

### पिछले चार साल से पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर है

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की संभावना से इनकार नहीं: सरकारी सूत्र

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और चार साल से खुदरा कीमतें स्थिर रहने से बढ़ते घाटे के बीच सरकारी सूत्रों ने निकट भविष्य में पेट्रोल एवं डीजल के दाम बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया है। सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि बदले हुए हालात में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना को पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें इस सप्ताह बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गईं। हालांकि इसमें हल्की गिरावट आई है, फिर भी कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते तेलवाहक जहाजों की आवाजाही पर असर और ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण स्थिति अनिश्चित बनी हुई है।

### ईंधन के दाम लागत के अनुरूप बढ़ाएं

इससे पहले इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने पेट्रोलियम उद्योग की तरफ से जारी एक बयान में कहा कि अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) के दाम नहीं बढ़ाए जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक एलपीजी, औद्योगिक डीजल, पांच किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर और अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस को बेचे जाने वाले विमान ईंधन के दाम लागत के अनुरूप बढ़ाए हैं।



### पेट्रोल की कीमतों में 28 रुपए प्रति बैरल की लागत आ रही

विश्लेषकों ने पहले यह आशंका जताई थी कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मतदान 29 अप्रैल को समाप्त होने के बाद पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 25 रुपये से लेकर 28 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी हो सकती है। दिल्ली में फिलहाल पेट्रोल की कीमत 94.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 87.67 रुपये प्रति लीटर है।

### तेल बाजार में उधल-पुथल का दौर



अमेरिका एवं इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले और इसके जवाब में ईरान की कार्रवाई के बाद अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में उथल-पुथल का दौर चल रहा है। इस घटनाक्रम के कारण वैश्विक तेल व्यापार का करीब पांचवां हिस्सा संभालने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आपूर्ति बाधित हुई है।

### *डीजल पर 100 रुपए का नुकसान*

*पिछले सप्ताह पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा था कि खुदरा कीमतें लगभग चार साल से स्थिर रहने से सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल पर करीब 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर करीब 100 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है।*

### *पिछले साल कीमतें 70 डॉलर प्रति बैरल रहा*

*हालांकि, उस समय कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं बताई गई थी। पिछले वर्ष कच्चे तेल की औसत कीमत करीब 70 डॉलर प्रति बैरल थी, जो इस महीने 114 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चल रही हैं।*

# आरबीआई के पास 2,000 रुपए के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आए



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि चलन में रहे 2,000 रुपये मूल्य के 98.47 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई, 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी। आरबीआई के अनुसार, 19 मई, 2023 को जब यह घोषणा की गई थी, उस समय चलन में इन नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 अप्रैल, 2026 को घटकर 5,451 करोड़ रुपये रह गया है। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, /"इस प्रकार 19 मई, 2023 तक चलन में रहे 2,000 रुपये के 98.47 प्रतिशत नोट वापस आ चुके हैं।/"

- **केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 में चलन से वापस लिए थे नोट**

### नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध

बैंक ने कहा कि 19 मई, 2023 से उसके 19 निर्गम कार्यालयों में 2,000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा उपलब्ध है। नौ अक्टूबर, 2023 से इन कार्यालयों में व्यक्ति और संस्थाएं अपने बैंक खातों में जमा के लिए भी ये नोट दे सकते हैं। केंद्रीय बैंक ने स्पष्ट किया कि 2,000 रुपये के बैंक नोट अभी भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।

# विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में बाजार से 60,847 करोड़ रुपए निकाले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- **वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के कारण जोखिम प्रमुख वजह**

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। भू-राजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता का प्रभावित होना इसकी मुख्य वजह रही।
नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस ताजा निकासी के साथ 2026 के पहले चार महीनों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कुल निकासी 1.92 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई है जो समूचे 2025 में दर्ज 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से भी अधिक है। वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है। तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं।

### निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ

खान ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने, रुपये के कमजोर होने और महंगाई व चालू खाता घाटे की चिंताओं के कारण निवेशकों का भरोसा प्रभावित हुआ है। खान ने कहा कि यदि ईरान में युद्धविराम कायम रहता है और डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आता है तो विदेशी निवेश फिर से स्थिर हो सकता है।

# एचएमएसआई की बिक्री 17%बढ़ी




**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचएमएसआई) की अप्रैल 2026 में कुल बिक्री 17 प्रतिशत बढ़कर 5.63 लाख इकाई पहुंच गई। एचएमएसआई ने वर्ष 2025 की समान अवधि में 4.80 लाख वाहन बेचे थे। कंपनी ने बयान में कहा कि अप्रैल 2026 में घरेलू बिक्री 14.7 प्रतिशत बढ़कर 4.84 लाख इकाई रही, जो 2025 की समान अवधि में 4.22 लाख इकाई थी। एचएमएसआई ने बताया कि इस अवधि में निर्यात 37.4 प्रतिशत बढ़कर 79,600 इकाई हो गया, जबकि 2025 के समान महीने में यह 57,900 इकाई था। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, दोपहिया बाजार के सभी खंडों में मांग मजबूत बनी हुई है।

# अप्रैल में रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह, 8.7 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अप्रैल महीने में 8.7 प्रतिशत बढ़कर करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सरकार के आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली। इन आंकड़ों से पता चला है कि आयात से मिलने वाले राजस्व में वृद्धि ने घरेलू लेनदेन से प्राप्त संग्रह को पीछे छोड़ दिया।

- **अप्रैल महीने में करीब 2 .43 लाख करोड़ रुपए पर**
- **इससे पहले उच्च संग्रह अप्रैल 2025 में 2 .23 लाख करोड़ रहा**

इससे पहले जीएसटी का सर्वकालिक उच्च संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व 4.3 प्रतिशत बढ़कर 1.85 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि आयात से जीएसटी संग्रह 25.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि के साथ 57,580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। अप्रैल में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 52,140 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 61,331 करोड़ रुपये रहा। एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) से राजस्व संग्रह 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा।

## मारुति की बिक्री रिकॉर्ड 2,39,646 इकाई पर...



नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की अप्रैल में कुल बिक्री 33.29 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,39,646 इकाई रही। इस अवधि के दौरान छोटी कारों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने बताया कि 2025 के इसी महीने में मारुति सुजुकी इंडिया ने कुल 1,79,791 इकाइयों की बिक्री की थी। अप्रैल में कंपनी की घरेलू बिक्री भी बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई, जो 2025 के इसी महीने में 1,42,053 इकाई थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थ बनर्जी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, /"हमने इस वर्ष की शुरुआत जोरदार तरीके से की है। इस वृद्धि में छोटी कारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।/"

# व्हीलचेयर, बैसाखी के लिए नए सुरक्षा मानक किए तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने 'एल्बो क्रच' (बैसाखी) से लेकर 'पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप' जैसे सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए हैं। इसका मकसद देश में दिव्यांगों की सहायता के लिए उत्पाद बनाने वाले उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है।

- **सहायक उत्पादों के लिए छः नए मानक जारी**

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक, ये मानक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की आवश्यक सहायक उत्पादों की राष्ट्रीय सूची पहल के तहत तैयार किए गए हैं। इनमें आवाजाही के लिए मददगार उपकरण, टेक्टाइल नक्शों और ब्रेल साइनेज के लिए सुलभ डिजाइन एवं व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं। 'एल्बो क्रच' (कोहनी वाली बैसाखियों) के लिए जारी मानक आईएस 18558 (भाग 1): 2025, अंतरराष्ट्रीय आईएसओ 11334-1 मानक के अनुरूप है। इसमें पूरी तरह सुसज्जित बैसाखियों के लिए आवश्यकताएं और परीक्षण विधियां निर्धारित की गई हैं जिनमें हैंडग्रिप और टिप शामिल हैं। इन मानकों में सुरक्षा, एर्गोनॉमिक्स, प्रदर्शन और मार्किंग एवं लेबलिंग जैसे विनिर्माताओं द्वारा दी जाने वाली अनिवार्य जानकारी को शामिल किया गया है।वॉकिंग स्टिक (छड़ी) के लिए दो अलग-अलग मानक बनाए गए हैं। आईएस 5145: 2026...यह भारतीय मानक है जिसमें लकड़ी, बांस, एल्युमिनियम, प्लास्टिक और रबर से बनी छड़ियों के लिए सामग्री, आकार, आयाम, फिनिश और प्रदर्शन से जुड़े मानदंड तय किए गए हैं। आईएस 18558 (भाग 4): 2025 मानक आईएसओ 11334-4 के अनुरूप है और तीन या अधिक पैरों वाली छड़ियों के लिए हैंडल, टिप, सुरक्षा और प्रदर्शन मानकों को निर्धारित करता है।

### व्यावहारिक उपयोग के लिए दिशा निर्देश जारी

इसमें ब्रेल अक्षरों के आयाम, सामग्री की विशेषताएं और सार्वजनिक व व्यावसायिक स्थानों पर इसके व्यावहारिक उपयोग के दिशा-निर्देश शामिल हैं। पोर्टेबल रैंप और उद्योग परिप्रेक्ष्य से जुड़े आईएस 19631: 2026 एक स्वदेशी मानक है जिसमें व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं, स्ट्रोलर या कार्ट धकेलने वालों, बुजुर्गों तथा बच्चों के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं।

### महंगे जेट फ्यूल ने भारतीय एविएशन सेक्टर की कमर तोड़ दी

# एयर इंडिया की उड़ानों में कटौती, रोजाना 100 फ्लाइट रद्द

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महंगे जेट फ्यूल ने भारतीय एविएशन सेक्टर की कमर तोड़ दी है और अब इसका सीधा असर फ्लाइट ऑपरेशंस पर दिखने लगा है। एयर इंडिया ने बढ़ती लागत के दबाव में रोजाना करीब 100 उड़ानें कम करने का फैसला लिया है।

- **घरेलू और इंटरनेशनल दोनों रूट्स पर यह कटौती लागू होगी**

घरेलू और इंटरनेशनल दोनों रूट्स पर यह कटौती लागू होगी। कटौती खासतौर पर यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे रूट्स पर सेवाओं में बड़ी कमी देखने को मिलेगी। 1 मई 2026 को भी मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक तेल कीमतों में हुई बढ़ोतरी के चलते, अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों के लिए जेट ईंधन (एटीएफ) की कीमत में 76.55 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोलीटर की वृद्धि हुई है।

### एयर इंडिया रोजाना 1,100 उड़ानें संचालित करती है

जेट फ्यूल यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की लगातार बढ़ती कीमतों ने एयरलाइंस के लिए ऑपरेशन चलाना मुश्किल बना दिया है। इसी दबाव के चलते एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लेते हुए रोजाना करीब 100 फ्लाइट्स कम करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में एयर इंडिया रोजाना लगभग 1,100 उड़ानें संचालित करती है, लेकिन जून के शेड्यूल में खासतौर पर इंटरनेशनल रूट्स पर भारी कटौती की तैयारी है।




**एयर इंडिया को हुआ इतना नुकसान** : ग्लोबल स्तर पर भी जेट फ्यूल की कीमतों में भारी उछाल आया है। अप्रैल के अंत तक औसत कीमत 179.46 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो फरवरी के मुकाबले करीब 80 प्रतिशत अधिक है। चूंकि फ्यूल एयरलाइंस की कुल लागत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होता है, इसलिए इसकी कीमतों में बढ़ोतरी का सीधा असर टिकट कीमतों और सेवाओं पर पड़ता है। एयर इंडिया को पहले ही 20,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हो चुका है। ऐसे में टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस पर एयरलाइन को घाटे से बाहर निकालने का दबाव बढ़ता जा रहा है।

### यूरोप, नॉर्थ अमेरिका और आस्ट्रेलिया के रूट्स पर सेवाएं कम होगी

यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे प्रमुख रूट्स पर सेवाओं में कमी की जाएगी, जहां फ्यूल लागत सबसे अधिक पड़ रही है। इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक, जेट फ्यूल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव ने एयरलाइंस के मुनाफे पर गहरा असर डाला है। दिल्ली में एटीएफ की कीमत मार्च के मुकाबले लगभग दोगुनी हो चुकी है, जिससे ऑपरेटिंग लागत तेजी से बढ़ी है।

चिंतन

# अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत जीएसटी संग्रह

नए वित्त वर्ष के पहले ही महीने अप्रैल में 2.42 लाख करोड़ रुपये का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह न केवल एक सांख्यिक उपलब्धि है, बल्कि यह देश की आर्थिक मजबूती और कर प्रणाली की परिपक्वता का भी संकेतक है। पिछले वर्ष अप्रैल की तुलना में 8.7% की वृद्धि इस बात को रेखांकित करती है कि तमाम वैश्विक और घरेलू चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी गति बनाए हुए है। दरअसल, जीएसटी संग्रह को किसी भी अर्थव्यवस्था की नब्ज माना जाता है, क्योंकि यह सीधे तौर पर उपभोग, उत्पादन और व्यापारिक गतिविधियों से जुड़ा होता है। जब संग्रह बढ़ता है, तो इसका अर्थ है कि बाजार में मांग बनी हुई है, कारोबार चल रहा है और उपभोक्ता खर्च करने को तैयार हैं। अप्रैल 2026 के आंकड़े इसी सकारात्मक प्रवृत्ति की पुष्टि करते हैं। कर संग्रह केवल कागजी नहीं, बल्कि वास्तविक आर्थिक गतिविधियों से प्रेरित है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत तस्वीर पेश करता है। इससे पहले सबसे ज्यादा कलेक्शन अप्रैल 2025 में 2.23 लाख करोड़ रुपये रहा था। बता दें कि सरकार द्वारा अक्टूबर में जीएसटी दरों में की गई कटौती ने उपभोक्ता को प्रोत्साहित किया है। आम उपभोक्ता को राहत मिलने से बाजार में मांग बढ़ी है, जिसका सीधा असर कर संग्रह पर पड़ा है। यह संतुलन एक ओर दरों में राहत और दूसरी ओर संग्रह में वृद्धि नीतिगत दक्षता को दर्शाता है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। शुक्रवार से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कीमतों में बढ़ोतरी ने महंगाई के मोर्चे पर नई चिंता खड़ी कर दी है। इसका असर भी पहले ही दिन से दिखने लगा है। होटल, ढाबा और खानपान उद्योग के लिए गैस एक प्रमुख लागत है। इसकी कीमत बढ़ने से न केवल इन व्यवसायों की लागत बढ़ेगी, बल्कि इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर भी पड़ेगा। खोमचे, रेहड़ी-पटरी और छोटे विक्रेताओं के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि उनके पास लागत को समायोजित करने के सीमित विकल्प होते हैं। शहरों में कामकाजी वर्ग, विशेषकर प्रवासी श्रमिक, अक्सर बाहर भोजन पर निर्भर रहते हैं। जब खाने की कीमतें बढ़ती हैं, तो इसका सीधा असर उनकी जीवन-यापन लागत पर पड़ता है। गैस कीमतों का बोझ उपभोक्ता को ही झेलना पड़ता है। इस प्रकार, जीएसटी संग्रह में वृद्धि जहां एक ओर आर्थिक मजबूती का संकेत है, वहीं दूसरी ओर महंगाई का दबाव इस मजबूती को चुनौती भी दे सकता है। एक और चिंता का विषय घरेलू और कमर्शियल गैस के बीच करीब ढाई गुणा मूल्य अंतर है। इससे घरेलू गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी है कि वह मूल्य संतुलन और निगरानी दोनों पर ध्यान दे। दूसरी तरफ, खाड़ी देशों में बढ़े तनाव के कारण भी लगातार अर्थव्यवस्था के मंद होने की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इन सभी अवरोधकों से पार पाते हुए देश की आर्थिक सेहत पटरी पर है। मजबूत घरेलू उपभोक्ता आधार अर्थव्यवस्था को गति दे रहा है। कच्चे तेल और गैस की बढ़ती कीमतों ने महंगाई के मोर्चे चुनौती जरूर दी है, लेकिन सरकार ने तमाम वैकल्पिक उपाय कर इस चुनौती को मात दी और इसे कंट्रोल किया है। अब उम्मीद की जा सकती है कि सरकार इसका कुछ न कुछ समाधान जरूर निकालेगी और आम आदमी को राहत देगी और भविष्य अच्छा होगा। कुल मिलाकर हमें बेहतर की उम्मीद करनी चाहिए और आंकड़े भी यही बयां कर रहे हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत होकर उभरेगी।



मुद्दा
कांतिलाल मांडोत

# तेल कंपनियों का लाभ, उपभोक्ता पर बोझ

**तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता।**

भारत में पेट्रोलियम क्षेत्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान देश की प्रमुख तेल कंपनियों ने जिस तरह से मुनाफा कमाया है, उसने आम जनता, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के बीच नई बहस को जन्म दे दिया है। कॉमर्शियल सिलेंडर 1 मई से 994 रुपये तक महंगा हो गया है। 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में भी 261 रुपये का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब 'छोटू' सिलेंडर की रिफिल कीमत 813.50 रुपये हो गई है। कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है। गैस बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल-डीजल की बाते करें तो तेल कंपनियों ने रोजाना औसतन 116 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, जो पूरे वर्ष में करीब 1.37 लाख करोड़ रुपये के आसपास बैठता है। यह आंकड़ा न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि बाजार की जटिल परिस्थितियों के बावजूद कंपनियों की कमाई लगातार मजबूत बनी हुई है।

पिछले तीन वर्षों से तेल कंपनियों का मुनाफा लगातार बढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद कंपनियों ने अपने मार्जिन को बनाए रखा है। खास बात यह है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो कंपनियां कीमतें बढ़ाने की बात करती हैं, लेकिन जब कीमतें घटती हैं, तो उपभोक्ताओं को उसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता। 2022-23 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कच्चे तेल की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं। उस समय भी अधिकांश तेल कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया था। इसके बाद 2023-24 और 2024-25 में कीमतों में कुछ गिरावट आई, लेकिन कंपनियों के लाभ में कोई खास कमी नहीं आई। 2025-26 में भी यही ट्रेंड जारी रहा। केयर एज रेटिंग के अनुसार, तीसरी तिमाही में रिफाइनिंग मार्जिन प्रति बैरल लगभग 13 डॉलर तक पहुंच गया था, जो भारतीय मुद्रा में करीब 1,235 रुपये होता है। इसका सीधा असर कंपनियों की कमाई पर पड़ा। अगर पेट्रोल और डीजल के स्तर पर देखा जाए, तो कंपनियों को प्रति लीटर 7 से 6 रुपये तक का लाभ मिल रहा था। इससे पहले 2024-25 में यह मार्जिन 12 से 14 रुपये प्रति लीटर तक था। यह साफ दिखाता है कि कंपनियों ने लागत और बिक्री मूल्य के बीच एक ऐसा संतुलन बनाया है, जिससे उनका मुनाफा लगातार बढ़ता रहा। हालांकि, दूसरी ओर उपभोक्ताओं की स्थिति उतनी मजबूत नहीं रही। आम जनता को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में अपेक्षित राहत नहीं मिल पाई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें घटने के बावजूद घरेलू स्तर पर कीमतों में सीमित कटौती ही देखने को मिली। इससे यह सवाल उठता है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उपभोक्ताओं की कीमत पर बढ़ रहा है। 2026 की शुरुआत में ईरान से जुड़े भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध की स्थिति ने एक बार फिर तेल बाजार को प्रभावित किया। 26 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई और यह 125 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। हालांकि बाद में कीमतें घटकर 116 डॉलर तक आ गईं। इस दौरान तेल कंपनियों



ने दावा किया कि उन्हें पेट्रोल पर प्रति लीटर 14 रुपये और डीजल पर 10 रुपये का नुकसान हो रहा है। लेकिन यह दावा उस समय सवालों के घेरे में आ गया। जब उनके पिछले मुनाफे के आंकड़े सामने आए। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल कंपनियां अपने नुकसान और मुनाफे को संतुलित तरीके से प्रस्तुत करती हैं। जब कीमतें बढ़ती हैं तो नुकसान का हवाला दिया जाता है और जब कीमतें घटती हैं तो मुनाफे की बात कम ही सामने आती है। यह रणनीति बाजार और उपभोक्ताओं दोनों को प्रभावित करती है। सरकार की भूमिका भी इस पूरे मामले में महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार ने 27 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी, जिससे आम जनता को कुछ राहत मिली। हालांकि इससे सरकार को हर महीने करीब 12,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान होने का अनुमान है। इस घाटे की भरपाई के लिए सरकार ने डीजल के निर्यात पर टैक्स बढ़ा दिया, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। भारत में हर महीने औसतन 191 करोड़ लीटर डीजल का निर्यात होता है। टैक्स बढ़ने के बाद सरकार को केवल डीजल निर्यात से ही करीब 10,500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय हो रही है। इससे यह साफ है कि सरकार भी राजस्व संतुलन बनाए रखने के लिए अलग-अलग उपाय कर रही है। तेल कंपनियों द्वारा उठाए गए कुछ कदम भी चर्चा में रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ क्षेत्रों में एक बार में 200 लीटर से अधिक पेट्रोल या डीजल देने पर प्रतिबंध लगाया गया। यह कदम आपूर्ति को नियंत्रित करने और संभावित संकट से निपटने के लिए उठाया गया था। हालांकि इससे छोटे व्यवसायों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। कच्चे तेल की कीमतों का इतिहास देखें तो 2020-21 में यह लगभग 44.65 डॉलर प्रति बैरल थी, जो महामारी के दौरान सबसे कम स्तर था। इसके बाद 2021-22 में यह 79.30 डॉलर, 2022-23 में 90 डॉलर के आसपास, 2023-24 में 82.58 डॉलर और 2024-25 में 78.56 डॉलर रही। 2025-26 में यह औसतन 70.99 डॉलर के आसपास रही। इस ट्रेंड से स्पष्ट है कि कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या तेल कंपनियों का मुनाफा उचित है या इसमें संतुलन की जरूरत है। एक तरफ कंपनियां यह तर्क देती हैं कि उन्हें वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं, रिफाइनिंग लागत और लॉजिस्टिक्स खर्च का सामना करना पड़ता है। दूसरी तरफ उपभोक्ता यह महसूस करते हैं कि उन्हें कीमतों में पारदर्शिता और राहत मिलनी चाहिए। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार और कंपनियों दोनों को मिलकर एक संतुलित नीति बनानी चाहिए, जिससे कंपनियों की वित्तीय स्थिति मजबूत रहे और उपभोक्ताओं को भी उचित कीमत मिले। इसके लिए मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता, टैक्स संरचना में सुधार और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देना जरूरी है। भविष्य की बात करें तो भारत तेजी से ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक स्रोतों पर जोर दिया जा रहा है। इससे आने वाले वर्षों में तेल की मांग पर असर पड़ सकता है। ऐसे में तेल कंपनियों को भी अपने बिजनेस मॉडल में बदलाव लाना होगा। अंततः यह कहा जा सकता है कि तेल कंपनियों का बढ़ता मुनाफा केवल एक आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राजनीतिक महत्व का विषय भी बन चुका है। जब तक उपभोक्ताओं को उचित राहत और पारदर्शिता नहीं मिलेगी, तब तक यह बहस जारी रहेगी। सरकार, कंपनियों और जनता के बीच संतुलन बनाना ही इस चुनौती का सबसे प्रभावी समाधान हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

तकनीक
रोहित माहेश्वरी




# सोशल मीडिया की लत के शिकार हो रहे युवा

आज का युग डिजिटल प्रौद्योगिकी का युग है, जिसमें सोशल मीडिया विशेषकर युवा पीढ़ी के जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक, वे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े रहते हैं। यह माध्यम अब केवल संचार का साधन मात्र नहीं रह गया है, बल्कि उनके चिंतन, मनोविज्ञान, व्यवहार और जीवनशैली पर गहरा प्रभाव डाल रहा है। इसलिए, यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि सोशल मीडिया युवाओं के लिए वरदान है या अभिशाप। भारत में डिजिटल उपयोग के आंकड़े इसकी व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, 90 से 95 प्रतिशत किशोर सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और लगभग 45 प्रतिशत लगातार ऑनलाइन रहते हैं। एक औसत किशोर प्रतिदिन 3 से 5 घंटे स्क्रीन पर बिताता है, जबकि कुछ किशोर छह घंटे से अधिक समय ऑनलाइन बिताते हैं। सकारात्मक पक्ष देखें तो सोशल मीडिया ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। बायजू, खान अकादमी, कोर्सेरा और गूगल क्लासरूम जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से छात्र घर बैठे ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। अनुमान है कि ऑनलाइन शिक्षा का उपयोग करने वाले लोगों की संख्या में प्रति वर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। वीडियो पाठों और इंटरैक्टिव तरीकों से सीखना और भी आसान हो गया है। इससे समय और धन दोनों की बचत होती है और छात्रों को विश्व स्तरीय जानकारी तक पहुंच मिलती है। इसके अलावा, सोशल मीडिया युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक विशाल मंच प्रदान करता है। कई युवा गायन, लेखन, फोटोग्राफी और अन्य कलाओं के माध्यम से प्रसिद्धि प्राप्त कर रहे हैं। कई लोग डिजिटल क्रिएटर या इन्फ्लुएंसर बनकर अपनी आजीविका भी कमा रहे हैं। भारत में डिजिटल मार्केटिंग उद्योग की विकास दर लगातार बढ़ रही है, जिससे युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। दूसरी ओर, इसके नकारात्मक प्रभाव भी गंभीर चिंता का विषय हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जो युवा प्रतिदिन तीन घंटे से अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताते हैं, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक पाए जाते हैं। लगभग 60 प्रतिशत युवा नींद की कमी से पीड़ित हैं क्योंकि वे रात में भी मोबाइल फोन का उपयोग करते रहते हैं। इसका सीखने, ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालता है। दुनिया भर में अरबों उपयोगकर्ताओं को प्रभावित करता है जो रोजाना औसतन 145 मिनट स्क्रॉल करते हैं। यह डिजिटल परिदृश्य आधुनिक जीवन के ताने-बाने में गहराई से समा गया है, अभूतपूर्व संबंध बनाते हुए मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर रहा है। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया पर मिलने वाले लाइक्स, फॉलोअर्स और शेयर को अपनी पहचान मानने लगी है। यह तुलना का माहौल बना रहा है, जहां लोग दूसरों की परफेक्ट लाइफ देखकर खुद को कमतर समझने लगते हैं। डॉक्टरों का मानना है कि यह एक अवास्तविक दुनिया है, जो मानसिक दबाव को बढ़ाती है। शोध बताते हैं कि यूट्यूब या इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रॉल करने से मस्तिष्क के वे क्षेत्र सक्रिय हो जाते हैं जो पुरस्कार प्रसंस्करण, सामाजिक अनुभूति और ध्यान से जुड़े होते हैं। जब भी हमें कोई लाइक या सकारात्मक टिप्पणी मिलती है, तो हमारा मस्तिष्क डोपामाइन छोड़ता है, जिससे शक्तिशाली इनाम के रास्ते बनते हैं जो हमें और अधिक पाने के लिए प्रेरित करते हैं। हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के अनुसार, सोशल मीडिया पर सक्रियता प्राप्त करने पर जो डोपामाइन निकलता है, वह कोकीन जैसे नशीले पदार्थों के सेवन के बराबर होता है। इसके अलावा, इन पुरस्कारों की अप्रत्याशित प्रकृति- यह न जानना कि आपको कब और कितने लाइक मिलेंगे- इस अनुभव को और भी व्यसनी बना देती है। शोध लगातार सोशल मीडिया के इस्तेमाल और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के बीच कई संबंधों को उजागर करते रहे हैं। अध्ययनों में सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल और अवसादग्रस्तता के लक्षणों की बढ़ती दर के बीच महत्वपूर्ण संबंध पाए गए हैं। यह कहना उचित होगा कि सोशल मीडिया युवा पीढ़ी के लिए दोधारी तलवार के समान है। जहां यह सीखने, जुड़ने और विकास के अवसर प्रदान करता है, वहीं यह मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए इसका उपयोग करना हम पर निर्भर करता है। यदि इसका बुद्धिमानी और संतुलित तरीके से उपयोग किया जाए, तो यह निश्चित रूप से युवा पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का एक साधन सिद्ध हो सकता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## शिष्य-गुरु में श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके।

## मतभेद वाले को कभी सफलता प्राप्त नहीं होती



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। कौरव पक्ष में बड़े-बड़े योद्धा थे, विशाल सेना थी, लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**भारी मतदान से दलों की धड़कनें तेज**

देश के चौथे सबसे बड़े राज्य पश्चिम बंगाल में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान सम्पन्न होने के साथ ही पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के परिणामों पर अब सबकी निगाहें चार मई को होने वाली मतगणना पर टिक गई हैं। बिहार से शुरू हुए मतदाता सूची के शुद्धिकरण (पुनरीक्षण) के बाद वहां हुई बंपर वोटिंग ने मतदान प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत दिया था। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने विपक्ष के विरोध के बावजूद सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर देश के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया। पश्चिम बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया। कई मतदाता सूची से बाहर हुए।

- आतिश, रोहतक

### ट्रेंड

**दूध प्रसंस्करण संयंत्र**



कारगिल में 25 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 10 टीएलपीडी क्षमता वाले दूध प्रसंस्करण संयंत्र की आधारशिला रखी गई और लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों का शुभारंभ किया। यह परियोजनापशुपालकों की आत्मनिर्भरता को गति प्रदान करेगी।
-**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

**डिजिटल जनगणना शुरू**



भारत की पहली डिजिटल जनगणना शुरू हो चुकी है। यह हमारे देश के विकास पथ में एक महत्वपूर्ण कदम है। सही नीतियां बनाने के लिए सटीक आंकड़े ही आधार हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक तभी पहुंच सकता है जब आंकड़े सटीक हों।
-**रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

**सरकारी नौकरियां**



हमारी सरकार ने पिछले सवा दो वर्षों में बिना किसी कागजी लीक के पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से 351 भर्ती परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न की हैं। हमने एक लाख बीस हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।
- **भजनलाल शर्मा**, सीएम, राजस्थान


**बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार**



भाजपा सरकार बिजली क्षेत्र में भ्रष्टाचार का रैकेट चला रही है, प्रीपेड मीटरों की आड़ में तकनीक का दुरुपयोग करके जनता को लूट रही है। अब जनता ने उनकी इस चोरी को पकड़ लिया है। इस बार स्मार्ट मीटर तोड़े जा रहे हैं; अगली बार ईवीएम...
-**अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर


### दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में हो भारतीय इतिहास शामिल



'साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा' (एसएएचडीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग करते हुए अधिकारियों से इसे नजरअंदाज नहीं करने का आग्रह किया है। एक खुले पत्र में एसएएचडीएस के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि अल्पसंख्यक होने के बावजूद भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में एसएएचडीएस ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी। महाराज ने कहा, दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के इतिहास को इतिहास की पुस्तकों से मिटाया नहीं जा सकता और न ही मिटाया जाना चाहिए। हम मांग करते हैं कि सभी कक्षाओं में भारतीयों के इतिहास से संबंधित मौजूदा सामग्री को कम से कम दोगुना किया जाए, क्योंकि अल्पसंख्यक भी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने वर्तमान प्रस्तुतीकरण स्तर को अपमानजनक और भारतीयों के योगदान को नजरअंदाज करने वाला बताया। महाराज ने कहा कि 1860 में बंधुआ मजदूरों के रूप में आगमन के बाद से भारतीयों ने दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## ऑफ बीट

### ध्रुवीय भालू मानव बस्तियों के पास क्यों चले आते हैं



ध्रुवीय भालू अत्यंत जिज्ञासु होते हैं और यही जिज्ञासा अक्सर उन्हें इंसानी ढांचे और बस्तियों के करीब ले आती है, जिससे दोनों के लिए खतरा पैदा हो सकता है। एक नए अध्ययन में पाया गया है कि इसके पीछे के कारण पहले की तुलना में अधिक जटिल हैं। अध्ययन के अनुसार, आर्कटिक क्षेत्र के गर्म होने के कारण कई ध्रुवीय भालू समुद्री बर्फ से दूर तटों पर अधिक समय बिता रहे हैं, जहां वे आमतौर पर सील का शिकार करते हैं। वैज्ञानिकों ने 2011 से 2021 के बीच मैनिटोबा के वपुस्क नेशनल पार्क और चर्चिल नॉर्दर्न स्टडीज सेंटर में कैमरे लगाकर यह जानने की कोशिश की कि भालू इन स्थानों पर कितनी बार आते हैं। अध्ययन में कुल 580 बार भालुओं की आवाजाही दर्ज की गई, जो मुख्य रूप से जुलाई से नवंबर के बीच हुई। शोध में पाया गया कि इन स्थानों पर मानव गतिविधियों का भालुओं के आने की संख्या पर कोई खास असर नहीं पड़ा। हालांकि, समुद्री बर्फ के बिना रहने की अवधि (आइस-फ्री सीजन) का इस पर स्पष्ट प्रभाव देखा गया। जिन वर्षों में यह अवधि लंबी रही, उन वर्षों में भालुओं की आवाजाही अधिक दर्ज की गई। शोधकर्ताओं ने पाया कि भालुओं के शरीर की स्थिति (यानी वे कमजोर हैं या स्वस्थ) का उनके मानव बस्तियों की ओर आने से सीधा संबंध नहीं है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार
3 नग बाईक
तृतीय उपहार
10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार
5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार
8 नग वासिंग मशीन
छठवां उपहार
15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार
25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार
40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार
500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार
600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार
प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होंगे। ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : 66/1, औद्योगिक क्षेत्र, रिछाई जिला जबलपुर
मो. 9479623424, 9340637789

श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में चल रहे पंचपर्व महाआरती श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न

# जितनी बाती की आरती, उतने जन्मों के पापों का क्षयः ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द

**हरिभूमि, जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे पंचपर्व महाआरती महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को पीताम्बरा भगवती माँ बगलामुखी का पपीते द्वारा भव्य सहस्त्रार्चन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह पूजन जगद्गुरु शंकराचार्य पीठद्वयाधीश्वर महाराज श्री के निजी सचिव ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज एवं ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### आरती को माना गया सर्वोच्च

इस अवसर पर ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानन्द जी महाराज ने आरती के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि परब्रह्म परमात्मा की उपासना के अनेक उपाय हैं, जिनमें षोडशोपचार पूजन का विशेष स्थान है और उसमें भी आरती को सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने कहा कि आरती" का अर्थ ही है दुःखों का निवारण। सच्चा साधक अपने इष्ट के प्रति इतनी गहरी श्रद्धा और प्रेम रखता है कि वह उनके समस्त कष्टों को स्वयं में समाहित करने की भावना से आरती करता है।

### उपासना से पापों का होता है क्षय

उन्होंने नारद भक्ति सूत्र का उल्लेख करते हुए कहा तत्सुखे सुखित्वम्अर्थात अपने आराध्य के सुख में ही सुखी रहना ही सच्ची भक्ति है। इसी भाव के साथ की गई आरती साधक के जीवन को पवित्र और कल्याणकारी बनाती है। उन्होंने बताया कि वैशाख मास का विशेष महत्व है, क्योंकि इस समय सूर्यदेव मेष राशि में स्थित रहते हैं, जो अत्यंत प्रखर माने जाते हैं। इस काल में की गई उपासना से पापों का क्षय होता है।

### भगवान नरसिंह की विशेष कृपा-

ब्रह्मचारी जी ने कहा कि जो भी श्रद्धालु जितनी बातियों की आरती का दर्शन करता है, उसके उतने ही जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि आज भगवान नरसिंह का अवतरण दिवस भी है, जो इस पर्व को और भी पवित्र बना देता है। इस दिन आरती और पूजन करने से भगवान नरसिंह की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में महेश पुरुसवानी, बीके पटेल, गोविंद साहू, सुधांशु गुप्ता, संजय मिश्रा, विवेक गुप्ता, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, आशीष चौकसे, तुलसी अवस्थी, वैभव दुबे, पीयूष दुबे, अंकित दीक्षित, सोनू कुरेले, राहुल मौर्य ,राज गुप्ता, गोविंदा साहू, शिव गुप्ता, लकी शर्मा, सुनील गुप्ता, रोहित तिवारी, अभिषेक उपाध्याय, मीडिया प्रभारी मनोज सेन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। महोत्सव के दौरान मंदिर परिसर में भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत वातावरण बना रहा।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने चलाया गृहे-गृहे यज्ञ का अभियान

**बुद्ध पूर्णिमा पर होगा आयोजन, सभी से की यज्ञ से जुडने की अपील**

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा 1 मई 2026 को बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर गृहे गृहे गायत्री यज्ञ का आयोजन होगा, जो कि विश्व व्यापी रूप में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। यह एक आध्यात्मिक प्रयोग है, इसका उद्देश्य वातावरण में व्याप्त विकृतियों को नष्ट कर मानव एवं समस्त प्राणी जगत के संवर्धन में यज्ञीय ऊर्जा को प्रक्षेपित करना है। इस यज्ञ अभियान में गायत्री मंत्र की करोड़ों आहुतियां, लाखों घरों से एक ही समय में, एक ही भावनाओं से, एक ही उद्देश्य के लिए समर्पित किया जाता है।गायत्री परिवार ट्रस्ट ने जबलपुर जिला के शहर और तहसीलों को मिलाकर बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर ग्यारह हजार घरों में गृहे गृहे गायत्री यज्ञ करने का लक्ष्य रखा है। गायत्री परिवार के सक्रिय निष्ठावान कार्यकर्ता इस लक्ष्य को प्राप्त करने में जुटे हुए हैं। यह यज्ञ 01 मई को प्रातः 7 से 12 बजे तक संपन्न किया जाएगा। ऋ षियों द्वारा समय.समय देश काल में आई विकृतियों को दूर करने के लिए ऐसे आध्यात्मिक प्रयोग का उल्लेख मिलता है। इस यज्ञ से पर्यावरण का परिशोधन एवं जिस घर में यज्ञ किया जाता है, वहां परिवार में सुख, शांति समृद्धि की वृद्धि होती है। गायत्री परिवार ट्रस्ट जबलपुर के मुख्य ट्रस्टी बृज बिहारी शर्मा ने इस अभियान में सभी आस्थावान परिजनों को जुडने की अपील की है।

## लोकहित मंच ने मजदूर दिवस मनाया

**जबलपुर।** लोकहित मंच के महेन्द्र रावते के मार्गदर्शन एवं मंच सलाहकार डॉ. मानकलाल जाटव की अगुवाई में लोकहित मंच ने मजदूर दिवस के अवसर पर आकस्मिक मजदूर भाइयों को एक फूल और मिष्ठान्न बांटकर मई दिवस पर्व मनाया। इस अवसर पर रामसिपाही सेठ, राजेश पटेल, मोतीलाल साधु, सतीश परोचे, अनिल चौधरी, मोहनलाल, धर्मेन्द्र सतनामी, दुर्गा देवी, कोमल निडर, निरंजन, सुरेश चौधरी, गौतम, मनोज कामरा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बरगी डेम हादसे में माँ के अटूट प्रेम ने झकझोरा

**जबलपुर।** बरगी डेम हादसे के बाद सामने आई एक हृदयविदारक तस्वीर ने सभी को भावुक कर दिया है। हादसे के लगभग 15 घंटे बाद मिली इस तस्वीर में एक माँ अपने नन्हे बच्चे को सीने से लगाए हुए नजर आई, मानो अंतिम क्षणों तक उसे सुरक्षित रखने की जंग लड़ रही हो। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लहरों के तेज बहाव और मौत के साये के बीच भी माँ ने अपने बच्चे को कसकर पकड़े रखा। यह दृश्य न केवल आंखों को नम कर देने वाला है, बल्कि माँ के असीम प्रेम, त्याग और बलिदान की जीवंत मिसाल भी प्रस्तुत करता है। इस मार्मिक घटना पर डॉ. अरुण मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष (नियुक्ति समिति), श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ (रजि.) भारत ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि माँ का प्रेम जीवन और मृत्यु के बंधनों से भी परे होता है। उन्होंने दिवंगत माँ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इसे मानवता को झकझोर देने वाली घटना बताया। घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि माँ का प्रेम संसार में सबसे पवित्र और अटूट होता है।



## गौतम बुद्ध जयंती पर निकाली विश्व शांति धम्म यात्रा

**जबलपुर।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर संयुक्त जयंती महोत्सव समिति के तत्वावधान में 30 अप्रेल को विश्वगुरु गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा के अवसर पर विश्व शांति धम्म यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम अध्यक्ष यादव राव मेश्राम और संयोजक जेपी नन्हेट ने विश्वगुरु गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। उपासक एवं उपासिकओं ने बुद्ध वंदना की। तत्पश्चात गौतम बुद्ध की विश्व शांति धम्म यात्रा सिविक सेंटर से निकाली गई, यात्रा में बोधगया की झांकी, सारनाथ की झांकी, लुम्बिनी वन की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। यात्रा का समापन बुद्धं शरणं गच्छामि, धम्मं शरणं गच्छामि, संघं शरणमं गच्छामि वंदना के साथ डॉ. भीमराव आम्बेडकर चौक पर हुआ। शांति धम्म यात्रा में समिति के दीपक मेश्राम, धर्मशील चाटे, दीपक वानखेड़े, सिद्धार्थ उरकुडे, वीरेन्द्र बौद्ध, विजया धाबर्डे, चन्द्रकला ढोके, रेखा बालके, सुनीता शेंडे, मीना खापर्डे, अनिता जनबन्धु सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति





## कांग्रेस नेता सम्मति सैनी को मिला उमरिया जिले का प्रभार

**जबलपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ और सक्रिय नेता सम्मति प्रकाश सैनी को प्रदेश कांग्रेस ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए उमरिया जैसे बड़े जिले का प्रभार सौंपा है। श्री सैनी ने कांग्रेस संगठन में प्रदेश महामंत्री जैसे बड़े पद का दायित्व भी पूरी निर्भीकता और सक्रियता के साथ निभाया है और वर्तमान में वे कांग्रेस कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। उमरिया जिले में कांग्रेस प्रभारी के रूप में संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## विश्वदीप बुद्ध विहार में हर्षोल्लास से मनाई गई 2570वीं त्रिगुण पूर्णिमा

**जबलपुर।** विश्वदीप बुद्ध विहार रामपुर छापर के तत्वावधान में 01 मई को विश्वगुरु तथागत गौतम बुद्ध की 2570वीं त्रिगुण पावन पूर्णिमा (जयंती) धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम अध्यक्ष टीडी हुमने ने पंचशील ध्वजारोहण किया एवं विश्वगुरु गौतम बुद्ध प्रतिमा के समक्ष मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित किये। उपाध्यक्ष सिद्धार्थ खरे एवं कार्यक्रम अध्यक्ष कृपा खरे ने भी गौतम बुद्ध प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। उपासिकाओं ने विश्वगुरु गौतम बुद्ध की वंदना एवं परित्राण पाठ किया। इस अवसर पर अध्यक्ष टीडी हुमने ने कहा कि गौतम बुद्ध ने हमें जीवन की सफलताओं के तीन सूत्र दिए- बुद्ध, धम्म और संघ। बुद्ध ने कहा प्रेम ही प्रेम का पुरस्कार है। अंत में खीर एवं फल का प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन में टीडी हुमने, सुरेन्द्र इंगले, नीलेश सोमकुंवर, सिद्धार्थ खरे, आनंद कालपांडे, धर्मेन्द्र ताम्बे, सतीश तभाने, वीरेन्द्र बौद्ध, वंदना गायकवाड़, अनिता काम्बले, निधि तंभाने, मीना खापर्डे, कृपा खरे, सुजाता इंगले सहित समस्त बौद्ध विहार के सदस्यगण उपस्थित रहे।





## माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा स्थापित प्याऊ का हुआ शुभारंभ

**जबलपुर।** माहेश्वरी महिला मण्डल के तत्वावधान में निर्मला जेठा से मिली प्रेरणा के फलस्वरूप कृष्णा हाइट्स, गौरीघाट रोड पर एक प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पुनीत कार्य से माँ नर्मदा के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वे अपनी प्यास बुझा सकेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष अर्चना माहेश्वरी, सचिव अनीता जेठा, निर्मला जेठा, मधु सुरजन, दीप्ति जेठा, सविता माहेश्वरी, नेहा जेठा, तृप्ति चांडक, तारा जेठा, गीता जेठा, नीमा भूतड़ा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं। उक्त जानकारी प्रचार सचिव निधि भट्टर एवं पूजा माहेश्वरी द्वारा प्रदान की गई।

## अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था ने वितरित की निःशुल्क दाल, चावल, लस्सी

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था जबलपुर संभाग द्वारा आज विधिवत संस्था का शुभारंभ किया गया, इस पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था द्वारा मरीज के परिवार को सुदामा थाली में निःशुल्क स्वादिष्ट व्यंजन खिलाएं गए, हलवा-पुरी छोले की सब्जी, दाल-चावल साथ में लस्सी वितरित की गई, बच्चों एवं महिला, पुरुषों को भीषण गर्मी के चलते नई चप्पल प्रदान की गई। साथ में यह संकल्प लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन के संस्थापक नेपाल केसरी राष्ट्रसंत मुनिश्री मणिभद्र मुनि महाराज के आशीर्वाद से आज के आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्ष कुमार मूनोथ, महामंत्री अभय कोटेचा, जयपुर के प्रमोद चौरडिया, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष समाजसेवी कुसुम जैन एवं मंजू चोपड़ा पुणे नेपाल से सरिता शर्मा इनका सहयोग हमें प्राप्त हो रहा है। संस्था का उद्देश्य पीड़ित मानवता की सेवा करना राष्ट्रहित पहले चिकित्सा शिक्षा एवं पर्यावरण, यह समिति अंतरराष्ट्रीय समिति है जो यह सब काम करती है जबलपुर में इसका शुभारंभ हो गया है इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतर्राष्ट्रीय मानव मिलन संस्था के जबलपुर संभाग के अध्यक्ष मयूर संघवी, महामंत्री गौतम बोथरा, उपाध्यक्ष तपस्वी लालजी बाघमार, मांगीलाल चोपड़ा का सहयोग रहा।





## हाजियों का आख़िरी जत्था रवाना

**जबलपुर।** हज कमेटी म.प्र. द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार हाजियों का आख़िरी जत्था आज रवाना हुआ। इस मौके पर शहर में अकीदत और रुख्सती का भावुक माहौल देखने को मिला। बताया गया कि विगत वर्ष हाजी इसरार अहमद (बादल कबाब) का मक्का शरीफ़ में इंतक़ाल हो गया था। इस वर्ष उनके पुत्र अतीक़ अहमद अपनी पत्नी के साथ हज यात्रा के लिए रवाना हुए। वे गरीबरथ एक्सप्रेस के माध्यम से मुम्बई पहुंचेंगे, जहां से वायुयान द्वारा मक्का-मदीना शरीफ़ जाकर हज के अरकान अदा करेंगे।

इस अवसर पर जबलपुर रेलवे स्टेशन पर परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों की बड़ी संख्या मौजूद रही। अबरार अहमद, मसरूर अहमद रज़वी, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद अज़ीम, मोहम्मद इमरान सहित अन्य लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पगड़ी बांधकर हाजियों को भावभीनी विदाई दी तथा उनकी कामयाब और कुबूल हज की दुआ की।

# जबलपुर में मजदूर की मौत का मामला गरमाया

**1 महीने बाद भी कार्रवाई नहीं, परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे**

**जबलपुर।** नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण परिसर में खंडहर भवन की दीवार गिरने से मजदूर की मौत का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। घटना को एक महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी किसी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होने से परिजनों में आक्रोश है। न्याय की मांग को लेकर मृतक के परिजन करीब 40 किलोमीटर दूर बरगी नगर से जबलपुर एसपी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।परिजनों का आरोप है कि 22 मार्च को बरगी नगर निवासी नरहर पटेल मजदूर धनीराम झारिया (51) को काम के बहाने खंडहर भवन में ले गया था। वहां दीवार से ईंट निकालते समय अचानक दीवार गिर गई, जिससे धनीराम की मौके पर ही मौत हो गई।परिवार का कहना है कि धनीराम को यह नहीं बताया गया था कि काम अवैध है। वहीं पुलिस ने केवल मर्ग कायम कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया।इस मामले में डीएसपी बीएस गाठोरिया ने कहा कि जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। थाना प्रभारी को जल्द रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।इधर बहुजन चेतना विकास मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बरगी थाने का घेराव किया जाएगा। संगठन का आरोप है कि ठेकेदार भोले-भाले ग्रामीणों को काम का लालच देकर अवैध गतिविधियों में लगा रहा है।

## मजदूर दिवस मनाया

**जबलपुर।** गोरखपुर लेबर चौक व पोलीपाथर चौक में रामकली चौधरी के निवास पर मजदूर दिवस मनाया गया। संदेश दिया गया कि देश के मजदूर एक रहो तभी देश के मजदूरों की भलाई होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश पटेल एवं शारदा प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में "मजदूर-मजदूर भाई-भाई लड़कर लेंगे पाई-पाई" नारा बुलंद किया गया और मजदूर दिवस 01 मई कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर रामसिपाही सेठ, मानकलाल जाटव, तुलसीराम चौधरी, मोहनलाल, शारदा प्रसाद चौधरी, धर्मेन्द्र सतनामी, रामबाई, रामकली, सियाबाई, दुर्गा देवी, कोमल सेठ, अनिल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संपत्ति विवाद में 4 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** ग्राम छातापर तेवर, थाना भेड़ाघाट के निवासियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर विपिन तंतुवाय, विनोद शुक्ला, सीमा उपाध्याय एवं राहुल उपाध्याय के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। आवेदकों ने बताया कि संबंधित संपत्ति पर उनका पीढ़ी दर पीढ़ी स्वामित्व व कब्जा रहा है और वर्ष 2025 तक कोई विवाद नहीं था।ज्ञापन के अनुसार जनवरी 2026 में विपिन तंतुवाय को किरायेदार के रूप में ढाबा संचालित करने दिया गया था, लेकिन उस पर किराया न देने, अवैध गतिविधियों में लिप्त रहने तथा ढाबे में शराब परोसने जैसे आरोप लगाए गए हैं। साथ ही उस पर संपत्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास करने और विरोध करने पर परिवार को धमकाने का भी आरोप है। आवेदकों ने यह भी आरोप लगाया कि विपिन तंतुवाय ने विनोद शुक्ला व अन्य के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करने तथा संपत्ति को अपना बताने का प्रयास किया है, जबकि उक्त संपत्ति स्व. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला एवं उनके वारिसों के नाम दर्ज है। पीड़ितों ने प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई कर शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकली

### बैसाख पूर्णिमा पर गूंजी नर्मदे हर की जय घोष



**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक माह की पूर्णिमा को पंचकोशी निकाली जाती है। ज्ञात हो सैकड़ो वर्षो से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा चैत्र पूर्णिमा पर सुबह 502 वी परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में धोड़ी शेर भालु नृत्य करते डोल की धुन में नर्मदा भक्त हाथों में भगवा ध्वज लेते हुए संकीर्तन मंडलियों के साथ कई चरणों में हनुमान जी महाराज का गुणगान करते हुए निकली। परिक्रमा का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक गोरेलालजी भारतीय किसान संघ के संगठन मंत्री तुलाराम जी संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा साध्वी शीला मुनि उदासीन ने किया दान सिंग मास्टर ने जादू दिखाकर मनोरंजन किया। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज ने परिक्रमा वासियों को बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण किया गया। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी पंचवटी धुआंधार लमेटा घाट से नाव पार कर शनि मंदिर डुडुवाड़ा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट में नाव पार कर आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल सह संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल मीना पटेल संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा विनोद दीवान दुर्गा पटेल मनोज गुलाबवानी रामकिशन पटेल आसिष पटेल डोभी झल्लु पटेल छन्नूराम पटेल सचिन अग्रवाल एडवोकेट शिव कुमार पटेल गुड्डू नेता पप्पू चौबे आदि उपस्थित थे।

# प्रदेश में 3074 रु.के करीब का हुआ कमर्शियल सिलेंडर, उपभोक्ताओं पर बढ़ा आर्थिक बोझ

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकारी पेट्रोलियम कंपनियां आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल ने कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में तगड़ी बढ़ोतरी की। एक ओर जहां 19 किलो गैस वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 993 रुपए की बढ़ोतरी हुई तो दूसरी तरफ पांच किलो वाले छोटू सिलेंडर की कीमत में 261 रुपए की बढ़ोतरी हो गई। हालांकि इन कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कोई बढ़ोतरी नहीं की है। गौरतलब है कि 19 किलो वाले एलपीजी गैस वाले कमर्शियल सिलेंडर को हलवाई सिलेंडर भी कहा जाता है।

सड़क किनारे समोसा-ब्रेड पकौड़ा तलने वाले दुकानदार हो या बड़े-बड़े रेस्टोरेंट या मिठाई की दुकान चलाने वाले दुकानदार इसी गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। आज से 6 साल पहले मतलब कि एक मई 2020 को इस सिलेंडर के रिफिल का दाम 1,144.50 रुपए था, लेकिन अब मई 2026 में कीमत 3074 रुपए हो गई है। मतलब कि छह साल में 1925.50 रुपए महंगा हो गया है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार पहले ही महंगाई की मार झेल रहे कारोबारियों के लिए यह बढ़ोतरी मुश्किलें और बढ़ा रही है। आम नागरिकों का भी कहना है कि भले ही यह बढ़ोतरी कमर्शियल सिलेंडर पर हुई है, लेकिन इसका असर रोजमर्रा की चीजों की कीमतों पर दिखना तय है। खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर सेवाओं तक, हर जगह महंगाई का असर महसूस किया जा सकता है।

## छह साल में 1925.50 रुपए बढ़े हलवाई सिलेंडर के दाम

### प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां आम लोगों की बढ़ी मुश्किलें

दो महीने की किल्लत के बीच मध्य प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 993 रुपए महंगा हो गया है। भोपाल में 3074 रुपए, इंदौर में 3179 रुपए, जबलपुर में 3290 रुपए, ग्वालियर में 3296 रुपए और उज्जैन में 3241 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। दो महीने में रेट 1248 रुपए बढ़ चुके हैं। कमर्शियल सिलेंडर के रेट ऐसे समय बढ़े हैं, जब होटल, रेस्टोरेंट-ढाबों को जरूरत की 50 प्रतिशत गैस ही मिल रही है। जुलाई तक प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां होनी हैं, ऐसे में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



19 किलोग्राम वाले सिलेंडर

### चाय-समोसे से लेकर केक-पेस्ट्री तक होंगे महंगा

पांच राज्यों में चुनाव खत्म होने के ठीक दो दिन बाद कमर्शियल सिलेंडर के दाम में हुई मूल्य वृद्धि से अब चाय-समोसे से लेकर केक-पेस्ट्री तक महंगा होगा। व्यवसायियों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से रेस्टोरेंट्स, ढाबों और होटलों में खाने पकाने पर खर्च बढ़ जाएगा। इससे थाली और स्नैक्स के दाम बढ़ेगें। शादियों के इस सीजन में इस बढ़ोतरी से मिठाइयों और बेकरी आइटम्स बनाने में खर्च अधिक बैठने से पहले के मुकाबले केक, बिस्किट्स पर अधिक कीमत अदा करनी पड़ेगी। ऑफिस आने-जाने वालों और स्टूडेंट्स के लिए टिफिन सर्विस पर खर्च बढ़ेगा। चाय-समोसे से लेकर चाट-पकौड़े तक के दाम बढ़ेगें।

### 500 लोगों के 5 लाख रुपए के खाने का बजट पर सीधे 50 हजार की वद्धि


रामबाबू शर्मा

मध्य प्रदेश टेंट कैटर्स एसोसिएशन के रामबाबू शर्मा ने बताया कि सिलेंडर के रेट बढ़ने से होटल और कैटर्स में 10 प्रतिशत तक कॉस्टिंग का फर्क पड़ेगा। 500 लोगों के 5 लाख रुपए के खाने के बजट पर अब 45 से 50 हजार रुपए तक की वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सिलेंडर पर 5 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी ठीक थी, लेकिन करीब 50 प्रतिशत बढ़ोतरी न्याय संगत नहीं है। सरकार को फैसला वापस लेना चाहिए।

### 1 अब होटल इंडस्ट्री पर भी इसका असर

### 2 अभी भी एलपीजी की आपूर्ति 50 फीसदी

#### बड़ा फैसला, ग्राहकों को ही देना होगा महंगे सिलेंडर का पैसा, रेस्टोरेंट्स में बढ़ेंगे दाम

*भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद अब होटल इंडस्ट्री पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है। ना केवल होटल इंडस्ट्री बल्कि इसका असर अब आम आदमी की जेब पर भी पड़ने वाला है, क्योंकि भोपाल होटल एसोसिएशन ने फैसला किया है कि वो अब कस्टमर्स से इसके दाम वसूलेंगे। दरअसल हाल ही में कमर्शियल सिलेंडर के दाम में हुई बेतहाशा मूल्य वृद्धि के बाद होटल-रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ने के बाद एक फैसला किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पाली ने कहाकि सभी रेस्टोरेंट्स और भोजनालयों की कीमतें बढ़ाना जरूरी हो गया है। पिछले दो महीनों में हमने आपूर्ति की कमी का सामना किया है। अभी भी एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगभग 50 फीसदी ही है।*


तेजकुलपाल सिंह पाली

#### कैटरर्स पर एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर की डबल मार

*फेडरेशन ऑफ़ एमपी टेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रिंकू भटेजा ने कहा कि दिसंबर 2025 को कमर्शियल सिलेंडर का रेट लगभग 1580 रुपए था जो 4 महीने बाद मई 2026 में लगभग डबल हो गया है अब कमर्शियल सिलेंडर का रेट लगभग 3100 का हो गया है। कैटरर्स वैसे ही परेशान है प्रोग्राम के हिसाब से सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं । अब एक ही महीन के उपरांत लगभग 950 का सिलेंडर पर रेट बढ़ना कैटरर्स पर डबल मार है। फेडरेशन के अध्यक्ष परमजीत सिंह खनूजा ने केंद्र सरकार से अनुरोध किया है कि एलजी कमर्शियल सिलेंडर पर बड़े रेट पर सरकार को पुन विचार करना चाहिए।*


रिंकू भटेजा

# क्लीनटेक स्टार्टअप नोवॉर्बिस आईटीएस ने 13.35 करोड़ की फंडिंग जुटाई



**पुणे।** पुणे स्थित क्लीनटेक स्टार्टअप नोवॉर्बिस इटस प्राइवेट लिमिटेड ने सीड फंडिंग राउंड में 13.35 करोड़ जुटाए हैं। इस निवेश राउंड का नेतृत्व ज़ेरोधा की निवेश पहल रेनमैटर ने किया। कंपनी डीज़ल जनरेटर (डीजी) सेट्स और श्मशान घाटों जैसे अलग-अलग जगहों पर होने वाले प्रदूषण को कम करने और हवा साफ करने वाले सिस्टम बनाती है, जिसमें मौजूदा इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए रेट्रोफिट समाधान भी शामिल हैं। इस फंडिंग राउंड में मैन्युफैक्चरिंग आधारित कंपनियों पर फोकस करने वाले शुरुआती चरण के फंड रॉकस्टड कैपिटल ने भी भागीदारी की। इस लेनदेन पर सलाह इंडोरिएंट फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने दी। नई पूंजी का इस्तेमाल कंपनी अपने मौजूदा समाधानों को बड़े स्तर पर लागू करने, अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने और बॉयलर व स्टील प्लांट्स जैसी बड़ी औद्योगिक इकाइयों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने वाले नए समाधान विकसित करने में करेगी। इसके साथ ही यह उद्योगों को अपने परिसर में ही कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी अपनाने में मदद करेगी। नोवॉर्बिस इटस की स्थापना हर्ष नीखरा, गगन त्रिपाठी और दिव्यांक गुप्ता ने की थी। कंपनी का पहला प्रोडक्ट फिल्टर-लेस रेट्रोफिट एमिशन कंट्रोल डिवाइस (आरईसीडी) था, जिसे मौजूदा डीज़ल जनरेटर (डीजी) सेट्स में लगाया जा सकता है। इससे कंपनियां मशीन बदले बिना ही उत्सर्जन मानकों का पालन कर सकती हैं। इसके बाद कंपनी ने श्मशान घाटों के लिए क्रेमेटोरियम एयर प्यूरिफिकेशन सिस्टम (कैप्स) नाम का प्रोडक्ट लॉन्च किया।

### थोक सब्जी मंडी में टमाटर 4 से 5 रुपए किलो के भाव

# भीषण गर्मी और दामों में गिरावट की दोहरी मार, टमाटर उत्पादक किसान हो रहे परेशान



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भीषण गर्मी के साथ दामों में गिरावट की दोहरी मार टमाटर उत्पादकों पड़ रही है। स्थानीय थोक सब्जी मंडी करोंद में टमाटर की बंपर पैदावार के चलते नीलामी सौदे कम दाम हो रहे है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। मंडियों में टमाटर के भाव में आई गिरावट से टमाटर उत्पादक किसान परेशान है। मालूम हो स्थानीय थोक सब्जी मंडी में टमाटर 4 से 5 रुपए किलो के भाव पर बिक रहा है, जबकि खुदरा बाजार यानी हाट बाजार में 10 से 15 रुपए किलो है।

व्यापारियों के अनुसार मांग के मुकाबले आपूर्ति ज्यादा होने के कारण टमाटर की कीमतों में गिरावट आई है। इसके अलावा, पर्याप्त भंडारण और प्रोसेसिंग सुविधाओं की कमी भी किसानों की परेशानी बढ़ा रही है। करोंद सब्जी मंडी स्थित टमाटर कारोबारी राजेंद्र कुमार सैनी के अनुसार बंपर आवक के चलते नीलामी के दौरान टमाटर के सौदे बेहद कम दामों पर हो रहे हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस बार टमाटर की पैदावार अधिक होने से बाजार में आपूर्ति बढ़ गई है, जबकि मांग अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। इसके चलते नीलामी में कीमतें लगातार नीचे जा रही हैं। किसानों का कहना है कि उन्हें अपनी उपज लागत से भी कम दाम पर बेचनी पड़ रही है। कई किसान दूर-दराज से माल लाने के बाद भी उचित मूल्य नहीं मिलने से निराश हैं।

### सीसीटीवी और स्मार्ट सिक्योरिटी की सर्च में हुई 62फीसदी की वृद्धि

**एजेंसीः मुंबई।** सर्च इंजन जस्टडायल लिमिटेड के अनुसार सीसीटीवी और स्मार्ट सिक्योरिटी सॉल्युशन कैटगरी में सर्च में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। ये विश्लेषण अप्रैल 2024- मार्च 2025 और अप्रैल 2025-मार्च 2026 के बीच सर्च वॉल्युम की तुलना करते हैं। इनके अनुसार रिहायशी एवं कमर्शियल स्पेसेज में सुरक्षा, निगरानी एवं आधुनिक तकनीक से युक्त नियंत्रण की ओर उपभोक्ताओं का झुकाव बढ़ रहा है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/1215/राजस्व/न.पा.नि./2026 **आवश्यक सूचना** रीवा, दिनांक 30/04/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं । उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात नामांतरण की विधिवत कार्यवाही की जावेगी ।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 597 | 12/s/103 मौजा खुटेही बद्रिका टॉवर, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्रीमती कल्पना पुरोहित पति श्री संदीप पुरोहित | श्रीमती दीपिका कुमारी पाण्डेय पति श्री अम्रीष तिवारी | क्रय-विक्रय |
| 2 | 590 | 10/969 मौजा अनंतपुर, गृह निर्माण सहकारी समिति, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री डी. डी. चौधरी पिता श्री छोटाराम चौधरी | श्रीमती प्रियंका चौधरी पति श्री अनिल कुमार रवि | क्रय-विक्रय |
| 3 | 600 | 43/609/1/2 मौजा बदरॉव, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री रामाश्रय यादव पिता श्री रामगरीब यादव | श्रीमती अनिषा पटेल पति श्री अवधेश पटेल | क्रय-विक्रय |
| 4 | 601 | 05/1609 हाउसिंग बोर्ड कालोनी ढेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री रमेश कुमार द्विवेदी | श्री अरूण कुमार मिश्रा पिता श्री रामानुज मिश्रा | क्रय-विक्रय |
| 5 | 606 | 31/286 तरहटी, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री सिद्धनाथ वर्मा पिता स्व. श्री रामजियावन वर्मा | श्री शोभनाथ वर्मा पिता स्व. श्री सिद्धनाथ वर्मा | वारिसाना |
| 6 | 581 | 38/145/5/3 मौजा रीवा अशोकनगर, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री ओमप्रकाश दौलतानी पिता श्री दयालदास | श्री राकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री धरमदास गुप्ता | क्रय-विक्रय |
| 7 | 582 | 05/902 ढेकहा, जिला-रीवा (म.प्र.) | श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह पिता श्री सुग्रीव सिंह | श्रीमती अनुपम सिंह पति स्व. श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह 2. श्री निहाल सिंह पिता स्व. श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह | वारिसाना |

उपायुक्त (राजस्व) हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)


# खरीदारी के अभाव में दालों के भाव में मंदी तुअर में 1500 रुपए क्विंटल की गिरावट

*ऊंचे भाव खरीदी कर नुकसान में व्यापारी*

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बाजार के कारोबारियों अनुसार अप्रैल 2026 के अंतिम सप्ताह में दालों, विशेषकर तुअर (अरहर) की कीमतों में भारी मंदी का दौर चल रहा है। कमजोर मांग और मंडियों में आपूर्ति (आवक) के कारण तुअर दाल के भाव में काफी गिरावट आई है। तुअर दाल के भाव में प्रति क्विंटल 1,500 तक की गिरावट देखी जा रही है, जो पिछले उच्च स्तरों से काफी कम है। वहीं ऊंचे भाव पर माल खरीदने वाले व्यापारी अब इस गिरावट के कारण नुकसान झेल रहे हैं।

तुअर की थोक कीमतें 2025-26 के लिए सरकार द्वारा निर्धारित 8,000 प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे आ गई हैं, जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। स्थानीय फसल की आवक के साथ-साथ आयात ने भी बाजार पर दबाव बनाया है, जिससे कीमतें नीचे आ गई हैं। हालांकि थोक में भारी गिरावट है, लेकिन खुदरा बाजार में दालों की कीमतों में आनुपातिक गिरावट अभी पूरी तरह से नहीं पहुंची है, लेकिन 100 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच चुके भाव में थोड़ी राहत है। व्यापारियों के पास पहले के उच्च भाव का स्टॉक होने से अब वे नई खरीदारी से बच रहे हैं। स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज स्थित थोक दाल-चावल व्यापारी संघ के अध्यक्ष ईश्वरदास संगतानी के अनुसार ग्राहकी अभाव से माल का उठाव कमजोर होने से तुअर सहित सभी दालों के भाव में गिरावट का रूख है। उनके अनुसार गर्मी की मूंग फसल 15 दिन में आ जाएगी।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और रू 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /17/मई 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।



## मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर (म. प्र.)

निविदा क्र. 307/सा.358/2026-27 **निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति)** दिनांक 27/04/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है—

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (जी.एस.टी. रहित) (लाख रुपए में) | धरोहर राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 307/सा./मु.अ./2026 दिनांक 27/04/2026 (प्रथम आमंत्रण) | बरगी दांयी तट मुख्य नहर की मझौली शाखा नहर के कि.मी. 16.50 से निकलने वाली लमकना वितरक नहर की आर.डी. 0.00 कि.मी. से आर. डी.19.24 कि. मी. में डब्ल्यू. बी. एम. रोड का निर्माण कार्य । | रू. 408.00 लाख (रू. चार सौ आठ लाख मात्र) (एम.एम., एम.पी.आर.आर.डी.ए. 01/01/2024 पर लागू ) | रू.408000/- (रू. चार लाख आठ हजार मात्र) | रू.15000/- (रू. पन्द्रह हजार मात्र) | 15 माह छोड़कर वर्षाकाल |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिय https://www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें ।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है ।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 27/04/2026 सायं 17 :30 बजे से 12/05/2026 सायं 17.30 बजेतक ।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दशार्या जायेगा । समाचार पत्र में नहीं ।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता अपर नर्मदा जोन
बरगी हिल्स, जबलपुर

G-12282/26 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"


## राशिफल

**मेष** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।


**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6213



**बाएँ से दाए-**
1. दयालु.उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 6212 का हल



## सूडोकु नवताल - 6223

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

MANGAL SENACHAL BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6222 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला



### द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



### सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



## प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



## बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला




### पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्ष्वीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

### फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई



**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।



## करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक

**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

### जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम




### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

## इस वीक-एंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




### अनदेखी सीजन 4, आडु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आडु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 8 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 |
| हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 12 |
| राजस्थान | 9 | 6 | 3 | 12 |
| गुजरात | 9 | 5 | 4 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 8 | 3 | 5 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 8 | 2 | 6 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप




अभिषेक शर्मा
425 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
17 विकेट
बेंगलुरु

# मुंबई इंडियंस को झटका, सैंटनर टूर्नामेंट से बाहर



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

एमआई के मिशेल सैंटनर आईपीएल के दौरान कंधे में लगी चोट के कारण कम से कम एक महीने तक मैदान से बाहर रहेंगे। इस 34 वर्षीय खिलाड़ी को मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच 23 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान फील्डिंग करते समय बाएं कंधे में चोट लग गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, 'सैंटनर इस सप्ताह न्यूजीलैंड लौट आए हैं और एक विशेषज्ञ से मिले, जिन्होंने बताया कि उन्हें कम से कम एक महीने के आराम और 'रिहैबिलिटेशन' की जरूरत है।'

### नहीं खेल पाएंगे आयरलैंड के खिलाफ टेस्ट

सैंटनर ने आईपीएल मैच के दौरान जसप्रीत बुमराह की गेंद पर सीएसके के कार्तिक शर्मा का डाइव लगाकर कैच लिया, लेकिन इस दौरान उनके कंधे और सिर में चोट लग गई। इस कारण वह आयरलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एनजेडसी ने कहा, 'दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच के लिए उनकी उपलब्धता पर फैसला बाद में किया जाएगा।' न्यूजीलैंड और आयरलैंड के बीच एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच 27 मई को बेलफास्ट में शुरू होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स (4-8 जून), द ओवल (17-21 जून) और ट्रेंट ब्रिज (25-29 जून) में तीन टेस्ट मैच खेलेगी।

# सनराइजर्स खेमे में बदलाव, मावी की जगह अंबरीश शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग के बीच सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने खेमे में बदलाव किया है। सीजन के शेष मुकाबलों के लिए शिवम मावी की जगह सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर आरएस अंबरीश को टीम में शामिल किया गया है। दाएं हाथ के मीडियम पेसर मावी ग्रोइन इंजरी (जांघ के ऊपरी हिस्से में चोट) के कारण इस सीजन से बाहर हो गए हैं, जिसके चलते एसआरएच को उनकी जगह अंबरीश को टीम में शामिल करना पड़ा। शुक्रवार को आईपीएल की तरफ से जारी बयान में कहा गया, दाएं हाथ के मीडियम पेसर और बाएं हाथ के बल्लेबाज अंबरीश 30 लाख रुपए में एसआरएच से जुड़ेंगे।

### जिम्बाब्वे और नामीबिया के खिलाफ ले चुके हैं 11 विकेट



चेन्नई के रहने वाले अंबरीश इस साल की शुरुआत में जिम्बाब्वे और नामीबिया में हुए आईसीसी मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की जीत का हिस्सा थे, जहां वे टूर्नामेंट के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक बनकर उभरे। अंबरीश ने 11 विकेट लेकर भारत के लिए संयुक्त रूप से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज के तौर पर टूर्नामेंट खत्म किया। इसके साथ ही टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। बल्ले और गेंद दोनों से योगदान देने की काबिलियत ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के टैलेंट पूल में सबसे होनहार युवा खिलाड़ियों में से एक के तौर पर पहचान दिलाई।

## खबर संक्षेप

### हॉकी एशिया कप : भारत ने मकाऊ को 8-1 से हराया



**नई दिल्ली।** कप्तान गुरतेज सिंह भट्टी के 4 गोल की मदद से भारत ने बिश्केक, किर्गिस्तान में चल रहे अंडर-18 आइस हॉकी एशिया कप में मकाऊ को 8-1 से हराया। भारत ने शुरू में गोल करके दमदार शुरुआत की और उसने तीनों पीरियड में खेल पर अपना नियंत्रण बनाए रखा। राजस्थान के अजय डांगी ने भारत के लिए पहला गोल किया जबकि भट्टी ने चार गोल करके टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत की तरफ से इत्फिकार हुसैन, तंजीन ताशी और देवांश शर्मा ने भी एक-एक गोल किया। भट्टी ने मैच के बाद कहा, 'हमने स्पष्ट इरादे के साथ शुरुआत की और तीनों पीरियड में अपनी गति बनाए रखी। टीम ने अच्छे मौके बनाए और उनका भरपूर फायदा उठाया। यह शानदार जीत है, लेकिन हमारा ध्यान आगे के मैचों में निरंतरता बनाए रखने पर है।'

### 16 जून से हैदराबाद में रग्बी प्रीमियर लीग

RUGBY PREMIER LEAGUE

**नई दिल्ली।** दूसरी रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गाचीबाउली स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। जीएमआर स्पोर्ट्स इस प्रतियोगिता का आयोजन इस खेल की राष्ट्रीय संस्था रग्बी इंडिया के साथ मिलकर करेगा। इस प्रतियोगिता का पिछले साल मुंबई में आयोजन किया गया था। तब यह प्रतियोगिता रग्बी 7 प्रारुप में आयोजित की गई थी और इस बार भी इसी प्रारुप में खेली जाएगी। दूसरे सत्र में भी पहले सत्र की तरह छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, ' जीवन में हम जो भी करते हैं, हमारा लक्ष्य हमेशा बेहतर करना, बेहतर बनना और बेहतर प्रदर्शन करना होता है। यही आरपीएल का आधारशिला बना रहेगा।'

### कनाडा टीम के हेड कोच बने मोंटी देसाई



**टोरंटो।** क्रिकेट कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के एसोसिएट सदस्य देशों और विभिन्न फ्रेंचाइजी लीग के साथ काम करने वाले मोंटी देसाई को अपनी राष्ट्रीय पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है। कनाडा की टीम ने इस साल टी20 विश्व कप में भाग लिया था और उसने आईसीसी की प्रतियोगिताओं से पहले अपनी टीम को अच्छी तरह से तैयार करने के लिए यह रणनीतिक कदम उठाया है। क्रिकेट कनाडा के अध्यक्ष अरविंदर खोसा ने कहा, 'हमारी प्राथमिकता अच्छा प्रदर्शन, पेशेवरपन और उद्देश्य की एक नई और जीवंत भावना से क्रिकेट कनाडा की प्रमुखता को बहाल करना है।' उन्होंने कहा, 'मोंटी देसाई की नियुक्ति इसी दृष्टिकोण को दर्शाती है।

## प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए भिड़ेंगे मुंबई और चेन्नई

# सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस में आज करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच आईपीएल में शनिवार को करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं। सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है, जो वर्षों से उसकी पहचान रही है। सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं।



### दोनों टीमों के लिए अस्तित्व की लड़ाई

सीएसके को उम्मीद होगी कि उसके स्पिनर चेपॉक की धीमी पिच का फायदा उठाने में सफल रहेंगे, जबकि मुंबई की टीम स्पिनरों का मुकाबला करने के लिए अपने पावर हिटर्स पर निर्भर रहेगी। चेन्नई और मुंबई की मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दोनों में से कोई भी टीम इस मैच में स्पष्ट रूप से जीत की हकदार नहीं है, जिससे यह मुकाबला आईपीएल की पारंपरिक रूप से सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में वर्चस्व की लड़ाई के बजाय अस्तित्व की लड़ाई बन गया है।

### मुंबई का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला

मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब जबकि टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है।

## आईसीसी सालाना टेस्ट रैंकिंग

# टीम इंडिया ने लगाई छलांग, पहुंची तीसरे पायदान पर, टॉप पर ऑस्ट्रेलिया बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम ने सालाना अपडेट के बाद जारी ताजा आईसीसी मेंस टेस्ट टीम रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। इस बदलाव के साथ भारत ने इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 के बाद खेले गए सभी मुकाबलों को पूरा वेटेज दिया जाता है, जबकि पुराने मुकाबलों के नतीजों का असर घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया जाता है। इस अपडेट ने टॉप-2 टीमों के ठीक नीचे की रैंकिंग में बड़ा फेरबदल किया है। इस वार्षिक अपडेट के चलते टॉप-2 टीमों के नीचे की रैंकिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिला है, जिसमें भारत को फायदा हुआ। ऑस्ट्रेलियाई टीम 131 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ शीर्ष पर मजबूती से कायम है। इस टीम ने 3 प्वाइंट्स की मामूली बढ़त के साथ अपना दबदबा बढ़ा लिया है। दूसरे पायदान पर मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन साउथ अफ्रीका स्थिर है। इस टीम के पास 119 रेटिंग प्वाइंट्स हैं।

### टीम इंडिया को फायदा, इंग्लैंड को नुकसान

तीसरे पायदान पर बदलाव देखने को मिला है, जिसे टीम इंडिया ने अपने नाम कर लिया है। भारत के पास 104 अंक हैं। वहीं, एक स्थान नीचे लुढ़कने के बाद इंग्लैंड की टीम 102 रेटिंग अंक के साथ चौथे पायदान पर है। इंग्लैंड के एक पायदान नीचे फिसलने की वजह यह रही कि उसे अपनी कई पुरानी सीरीज के नतीजों से मिलने वाला फायदा अब नहीं मिल रहा है। इन नतीजों में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ घर पर मिली पुरानी जीत, और पाकिस्तान में मिली सीरीज जीत शामिल हैं। ये सभी मैच अब 'पूरे वेटेज' वाली समय-सीमा से बाहर हो गए हैं।

### न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर

इस तालिका में न्यूजीलैंड 101 रेटिंग अंकों के साथ पांचवें स्थान पर बना हुआ है, जबकि पाकिस्तानी टीम ने एक स्थान की छलांग लगाते हुए छठा पायदान अपने नाम कर लिया है। उसे पुराने मुकाबलों में मिली हार के असर के कम होने या खत्म हो जाने का फायदा मिला है।

# विमेंस वनडे रैंकिंग: तीसरे पायदान पर भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने आईसीसी विमेंस वनडे टीम रैंकिंग में सालाना अपडेट के बाद शीर्ष पायदान पर अपना दबदबा बनाए रखा है। वहीं, विमेंस वर्ल्ड कप 2025 जीतने के बावजूद भारत ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह पक्की रखी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम रेटिंग प्वाइंट्स में 2 अंकों की मामूली गिरावट के बाद शीर्ष पर बनी हुई है। इंग्लैंड 128 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। इंग्लिश टीम रेटिंग में मामूली बढ़त के बावजूद अभी भी टॉप पर मौजूद टीम से काफी पीछे है। भारतीय टीम 124 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ तीसरे पायदान पर बनी हुई है। यह सब टीम के यादगार वर्ल्ड कप अभियान के बाद हुआ है, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए खिताब जीता था, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में मिली शानदार जीत भी शामिल है। साउथ अफ्रीका (100), न्यूजीलैंड (93), और श्रीलंका (89) टॉप-6 टीमों की सूची को पूरा करते हैं। सालाना अपडेट के बाद रैंकिंग के ऊपरी हिस्से में स्थिरता बनी हुई है।



### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को पछाड़ा

बांग्लादेश 73 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ सातवें स्थान पर पहुंच गया है, जिससे उसने पाकिस्तान को पछाड़ दिया है, जो 72 प्वाइंट्स के साथ 8वें स्थान पर खिसक गया है। रैंकिंग में शेष स्थानों पर मौजूद टीमों के बीच बहुत कम बदलाव देखने को मिला है। इस बीच, थाईलैंड और नीदरलैंड्स रैंकिंग से अस्थायी तौर पर बाहर हो गए हैं, क्योंकि वे पिछले तीन वर्षों में कम से कम आठ वनडे मैच खेलने की शर्त को पूरा नहीं कर पाए हैं। थाईलैंड को रैंकिंग में वापस आने के लिए सिर्फ एक और मैच की जरूरत है, जबकि नीदरलैंड्स को तालिका में फिर से शामिल होने के लिए दो और वनडे मैच खेलने होंगे।

# यूईएफए यूरोपा लीग : क्रिस वुड ने दागा 200वां गोल, नॉटिंघम फॉरेस्ट ने एस्टन विला को हराया

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

क्रिस वुड के कॅरियर के 200वें गोल से नॉटिंघम फॉरेस्ट ने यूईएफए यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के दूसरे लेग में एस्टन विला के खिलाफ 1-0 से जीत हासिल की। इस जीत ने फॉरेस्ट को फाइनल की दौड़ में मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है। मैच की शुरुआत में दोनों टीमें बेहद रक्षात्मक नजर आईं, लेकिन फॉरेस्ट ने धीरे-धीरे खेल पर पकड़ बनानी शुरू कर दी।

मॉर्गन गिब्स-व्हाइट ने दो अच्छे मौके बनाए, हालांकि वह उन्हें गोल में नहीं बदल सके। इलियट एंडरसन ने भी एक कोशिश की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। दूसरी ओर, एस्टन विला ने भी जवाबी हमला किया। मॉर्गन रोजर्स के शानदार कर्लिंग शॉट को स्टीफन ऑर्टेगा ने बेहतरीन तरीके से रोक लिया। फॉरेस्ट का दबाव लगातार बना रहा। एमिलियानो मार्टिनेज को इगोर जीसस के प्रयास को गोल लाइन पर रोकने के लिए तेज प्रतिक्रिया दिखानी पड़ी।



### दूसरे हाफ में मुकाबला कड़ा

दूसरे हाफ में भी मुकाबला कड़ा रहा, जहां ओली वॉटकिंस को पॉइंट-ब्लैंक रेंज से गोल करने से ऑर्टेगा ने शानदार बचाव कर रोका। मैच के अंतिम पलों में निर्णायक मोड़ आया। ओमारी हचिंसन ने गेंद को खेल में बनाए रखा, जिसके बाद लुकास डिग्ने के हैंडबॉल के चलते पेनल्टी मिल गई।


# आईएसएसएफ वर्ल्ड कप के लिए तैयार भारतीय शॉटगन टीम

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के 8 सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल 5 मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल 9 मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा। विश्व कप का पहला चरण मार्च में मोरक्को के तांजियर में खेला गया था। दूसरे चरण की प्रतियोगिता के पहले दिन तीन भारतीय ओलंपियन हिस्सा लेंगे। इनमें पुरुष स्कीट स्पर्धा में मैराज अहमद खान और अनंतजीत सिंह नारुका तथा महिला स्कीट स्पर्धा में रायजा ढिल्लों शामिल हैं।

# निशिकोरी का कोर्ट में आखरी साल, टेनिस को कहेंगे अलविदा

एजेंसी ▶▶| टोकियो

विश्व के पूर्व चौथे नंबर के खिलाड़ी और 2014 में यूएस ओपन के फाइनलिस्ट केई निशिकोरी ने कहा कि वह इस टेनिस सत्र के आखिर में संन्यास लेने की योजना बना रहे हैं। जापान के 36 वर्षीय निशिकोरी दाहिने कंधे में दर्द के कारण जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे। वह पिछले कई वर्षों से चोटों से जूझ रहे हैं और पिछले साल यूएस ओपन में भी नहीं खेल पाए थे।



### ग्रैंड स्लैम के फाइनल में पहुंचने वाले पहले जापानी खिलाड़ी

निशिकोरी ने 2007 में अपने पेशेवर कॅरियर की शुरुआत की तथा वह 2014 में यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। इस तरह से वह किसी ग्रैंड स्लैम पुरुष एकल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले जापानी खिलाड़ी बने थे। फाइनल में उन्हें क्रोएशिया के मारिन सिलिच से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा था। निशिकोरी ने 2016 में रियो ओलंपिक में राफेल नडाल को तीन सेटों में हराकर कांस्य पदक जीता था।

## थॉमस कप : भारत की चीनी ताइपे पर 1-0 से बढ़त

# मैराथन मुकाबला, 1 घंटे 28 मिनट में लक्ष्य ने चेन को हराया

एजेंसी ▶▶| होर्सेंस

स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने दो मैच प्वाइंट बचाते हुए विश्व के छठे नंबर के खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुक्रवार को थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल्स के क्वार्टरफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाफ 1-0 की बढ़त दिलाई। लक्ष्य इस मैच में अधिकतर समय पीछे चल रहे थे लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा 1 घंटे और 28 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच आपस में रिकॉर्ड 4-4 से बराबरी पर था। इस मुकाबले में लंबी रैलियों, सटीक स्ट्रोकप्ले और उतार-चढ़ाव से भरपूर रोमांचक द्वंद्व देखने को मिला।



### लक्ष्य ने की दबाव में शानदार वापसी

चोउ ने पहला गेम में 10-15 से पिछड़ने के बाद जीता, लेकिन दूसरे गेम में लक्ष्य ने दबाव में शानदार वापसी की। भारतीय खिलाड़ी ने 13-17 से पीछे रहने के बाद लगातार चार अंक जीतकर स्कोर बराबर कर लिया। चोउ को दो मैच प्वाइंट मिले, लेकिन लक्ष्य ने अपना संयम बनाए रखा और दोनों को बचाकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में 36 वर्षीय चोउ शारीरिक रूप से कमजोर पड़ते नजर आए और लक्ष्य ने इंटरवल तक 11-7 की बढ़त के साथ अपनी स्थिति मजबूत कर ली। इसके बाद भी उन्होंने खेल पर नियंत्रण बनाए रखा और मैच जीतने में सफल रहे।

### आयुष का मुकाबला लिन चुन-यी से

भारत अपनी बढ़त को और मजबूत करने की कोशिश करेगा जब सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी का सामना चियू सियांग चिएह और वांग ची-लिन से होगा। अन्य मैचों में आयुष शेट्टी का मुकाबला लिन चुन-यी से होगा। हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन की जोड़ी का सामना लियू कुआंग हेंग और यांग पो-ह्सुआन से जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सामना ची यू जेन से होगा।




### पुलिस द्वारा पेश दस्तावेज रिकार्ड में नहीं आए

# प्रधानमंत्री व उपराष्ट्रपति का काफिला रोकने वाट्सएप पोस्ट के मामले में सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में प्रधानमंत्री व उप राष्ट्रपति का काफिला रोकने के लिए कथित वाट्सएप पोस्ट के आरोप पर पुलिस द्वारा 24 घंटे तक लाकअप में बंधक बनाकर रखे जाने को चुनौती संबंधी मामले की सुनवाई बढ़ गई है। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने अगली सुनवाई 1 जुलाई को तय की है।



याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता ने नगर प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री व उपराष्ट्रपति के काफिले को बाधित करने के लिए वाट्सअप पोस्ट की थी। याचिकाकर्ता की ओर से मैसेज करने के इंकार कर दिया गया था। इस संबंध में तत्कालीन थाना प्रभारी के द्वारा दस्तावेज हाई कोर्ट में पेश किए गए। पेश किए गए दस्तावेज रिकार्ड में नही आने के सुनवाई बढ़ा दी गई। नर्मदा रोड, गौरीघाट निवासी अजीत सिंह आनंद की ओर से दायर की गयी याचिका में कहा गया है कि गोरखपुर पुलिस ने 20 जून, 2022 की सुबह लगभग आठ बजे घर से अभिरक्षा में लिया था। इसके बाद पुलिस कर्मी उसे गोरखपुर थाने ले गए और 21 जून, 2022 की सुबह 9.30 बजे तक लाकअप में बंद रखा था। उसे थाने में लाने की एंट्री रोजनामचे में दर्ज की नहीं गई थी परंतु छोड़ने के संबंध में की गई थी। याचिका की सुनवाई के दौरान पुलिस विभाग की तरफ से पेश किए गए जवाब में कहा गया कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध 25 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

### हाईकोर्ट ने कहा, शहडोल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का मामला

## चयन प्रक्रिया ही निरस्त हो गई तो उसे चुनौती का कोई औचित्य नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक आदेश में कहा कि जब दूषित होने के कारण पूरी चयन प्रक्रिया ही निरस्त हो गई और कोई भी उम्मीदवार प्रभावित नहीं हुआ, तो उसे चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है। इस मत के साथ जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने उम्मीदवारों की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें चयन प्रक्रिया को निरस्त करने को चुनौती दी गई थी। मामला सहायक प्रबंधक से समिति प्रबंधक के पद पर चयन से जुड़ा है। दरअसल, शहडोल जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में उक्त पद पर पदस्थापना के लिए चयन सूची जारी की गई थी। शिकायत पर जांच के बाद बैंक के सीईओ ने उक्त सूची निरस्त कर दी गई थी। शहडोल के अशोक मिश्रा सहित 19 लोगों ने निरस्त करने के आदेश को चुनौती दी। वहीं आपत्तिकर्ता मनीष श्रीवास्तव की ओर से दलील दी गई कि जांच के बाद प्रक्रिया निरस्त की गई है। इसके अलावा याचिकाकर्ताओं के पास विभाग में अपील करने का प्रावधान भी मौजूद है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता आगामी चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

## दिवंगत कर्मी की पत्नी की पेंशन से की जा रही रिकवरी पर रोक

**जबलपुर।** केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) ने आर्मी बेस वर्कशॉप में कार्यरत दिवंगत कर्मी की पत्नी की पेंशन से की जा रही रिकवरी पर अंतरिम रोक लगा दी है। कैट के न्यायिक सदस्य जस्टिस एके श्रीवास्तव की एकलपीठ ने अनावेदक फेक्टरी प्रबंधन से जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी प्रेम कुमारी शर्मा की ओर से अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा, प्रतीक दुबे एवं शिवम शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि पति ने सर्विस में रहते हुए लोन लिया था, जिसकी किश्त कट रही थी। दलील दी गई कि फैक्टरी प्रबंधन ने प्रेम कुमारी को मिलने वाली फैमिली पेंशन से ज्यादा कटौती की जा रही है। याचिकाकर्ता को केवल 25 प्रतिशत ही पेंशन मिल रही है। इसलिए कैट में चुनौती दी गई।

## जबलपुर से कांग्रेस नेता भरत मिलन पांडे गिरफ्तार

**जबलपुर।** पन्ना जिले में वन विभाग की टीम पर हमले के मामले में कांग्रेस नेता और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भरत मिलन पांडे को पुलिस ने जबलपुर से गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल को पन्ना के धरमपुर रेंज में अवैध पत्थर उत्खनन की शिकायत पर वन विभाग की टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान आरोप है कि कुछ लोगों ने टीम पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि भरत मिलन पांडे मौके पर पहुंचे और वनकर्मियों को धमकाते हुए आरोपियों को भगा दिया। इस दौरान मोबाइल और ट्रैक्टर की चाबी भी छीन ली गई। घटना के बाद वन विभाग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस के मुताबिक आरोपी भरत मिलन पांडे इलाज के लिए जबलपुर आए हुए थे, जहां से उन्हें गिरफ्तार किया गया। वहीं भरत मिलन पांडे का कहना है कि उन्हें राजनीतिक द्वेष के चलते फंसाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और जांच की जा रही है।

### पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 417 सब-स्टेशनों में लागू किया स्वदेशी एप

## अब व्हाट्सएप पर नहीं होगा सरकारी काम

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने आधिकारिक कामकाज में बड़ा बदलाव करते हुए व्हाट्सएप के इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगा दी है। अब प्रदेश के सभी 417 सबस्टेशनों में सरकारी सूचना के आदान-प्रदान के लिए सिर्फ स्वदेशी "आराताई एप" का ही उपयोग किया जाएगा।जबलपुर मुख्यालय से यह आदेश मुख्य अभियंता राजीव अग्रवाल के निर्देश पर जारी किया गया है। 1 अप्रैल से यह नई व्यवस्था पूरे प्रदेश में लागू हो चुकी है। इसके तहत सभी पुराने व्हाट्सएप ग्रुप बंद कर दिए गए हैं और उनकी जगह आराताई एप पर नए ग्रुप बनाए गए हैं। विभाग ने साफ कर दिया है कि अब किसी भी कर्मचारी या अधिकारी द्वारा व्हाट्सएप पर भेजी गई जानकारी मान्य नहीं होगी। अगर कोई कर्मचारी व्हाट्सएप के जरिए सूचना देता है, तो उसे रिपोर्ट न करने के बराबर माना जाएगा। इस नई व्यवस्था का मकसद सरकारी कामकाज में गोपनीयता और सुरक्षा को बढ़ाना है। अब सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने दैनिक काम और संवाद के लिए केवल आराताई एप का ही उपयोग करना होगा।

## दो सड़क हादसों में दो युवको की मौत

**जबलपुर।** सिहोरा और पाटन थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के दो मामले प्रकाश में आए हैं। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। सिहोरा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शर्मा कालोनी गोसलपुर निवासी 25 वर्षीय अमन कोरी अपने चचेरे भाई 32 वर्षीय जितेंद्र तुतवाय के साथ गत रात 10 बजे बाईक से अपनी पत्नी को लेने कटनी जा रहा था। जैसे ही रात 1 बजे पंचवटी ढाबा सिहोरा के पास पहुंचे तभी जबलपुर तरफ से कटनी की ओर जा रही एक कार क्रमांक एमपी 22 सीए 0355 के चालक ने अमन कोरी की मोटर सायकिल में पीछे से टक्कर मार दी जिससे अमन कोरी मोटर सायकिल सहित रोड पर गिर गया और उसके हाथ पैरों व सिर में गंभीर चोटे आ गयी। घायल अमन को उपचार हेतु सिहोरा लेकर आए, जहां डाक्टर ने चैक कर अमन कोरी को मृत घोषित कर दिया। इसी तरह पाटन में बनवार तिराहे पर सिविल लाईन निवासी 38 वर्षीय एफआरव्ही वाहन चालक राजेश उर्फ राजा बर्मन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, पास की उसकी क्षतिग्रस्त बाईक पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राजेश उर्फ राजा बर्मन को उपचार के लिए पाटन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने चैक कर राजेश उर्फ राजा बर्मन को मृत घोषित कर दिया।




अधिकृत डीलर: जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बदिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बदिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलर: पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, खटखरी: खटखरी ऑटोमोबाइल, 9617241112, गुढ़: विंध्य मोटर्स, 9229072020, कोठी: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स, 7987308294, 83058099514, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 9589176355, रामपुर नैकिन (सीधी): लक्ष्मी जी ऑटोमोबाइल्स, 9406782277, दुधमनिया सिंगरौली: राधा कृष्ण मोटर्स, 7000995137, गढ़: अंबे मोटर्स, 9144881695, बीरसिंहपुर: तनु ऑटोमोबाइल्स, 9425886424, देवतालाब: वर्षा मोटर्स, 9424622310, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079

RS/Hero/06/25

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240